


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 182 | ग्वालियर रविवार, 23 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### आई आई टी मद्रास के मृतक छात्र ने दोस्तों से कहा था- मेरे लिए किसी के पास समय नहीं, ये है मामला



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-एम) मद्रास के एक 20 वर्षीय छात्र के कथित रूप से आत्महत्या मामले में शनिवार (22 अप्रैल) को नया खुलासा. इस केस की जांच कर रहे अधिकारी ने बताया कि मृतक अपने दोस्तों से अक्सर कहता था कि उसके लिए किसी के पास समय नहीं है. एनडीटीवी के मुताबिक, पुलिस को आईआईटी-एम के इस स्टूडेंट के कमरे से एक नोट मिला है. इसमें उसने दोस्तों को उसके साथ अच्छे रहने को लेकर धन्यवाद कहा है. छात्र संस्थान के परिसर में स्थित अपने हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला था. अगर जांच में साबित हो जाता है कि स्टूडेंट ने सुसाइड किया है तो आईआईटी- मद्रास का ये चौथा केस होगा.पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है. अधिकारी ने बताया, उसने (छात्र ने) कोई जवाब नहीं दिया और फिर छात्रावास के कमरे का दरवाजा तोड़ा गया और वह फंदे से लटका मिला. न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक अधिकारी के हवाले से कहा की शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लगता है. फिलहाल इसको लेकर कुछ साफ नहीं कहा गया है. संस्थान ने घटना पर दुख जताया है. संस्थान ने कहा कि शुक्रवार (21 अप्रैल) की दोपहर में उसके हॉस्टर के कमरे में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के एक स्नातक छात्र के असामयिक निधन से हमें गहरा दुख हुआ है. आईआईटी ने कहा कि हम छात्रों का तनाव ना हो इसको लेकर काम कर रहे हैं. बता दें कि आईआईटी मद्रास से पीएचडी कर रहे छात्र के भी आत्महत्या का मामला सामने आया था. उसने सुसाइड करने से पहले एक स्टेटस लगाया था. इसमें उसने लिखा था कि आई एम सॉरी, नॉट गुड एनफ.

### अदार पूनावाला बोले- अस्पतालों में वैक्सीन की मांग शून्य, हमारे पास स्टॉक में 5-6 मिलियन खुराक मौजूद




देश में बढ़ते कोरोना केसों ने एक बार फिर लोगों के चेहरे पर मास्क और दो गज की दूरी बनाने पर मजबूर कर दिया है. भारत में अब तक 2.20 अरब वैक्सीन लग चुकी है. इस बीच सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला का वैक्सीन को लेकर बड़ा बयान सामने आया है.अदार पूनावाला ने शनिवार (22 अप्रैल) को देश भर में कोविड मामलों में हालिया बढ़ोतरी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वायरस का मौजूदा संस्करण गंभीर नहीं है. उन्होंने कहा कि हमारे पास कोवोवैक्स की पांच से छह मिलियन खुराक मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में सीरम इंस्टीट्यूट भी उतनी ही मात्रा में कोविशील्ड डोज का निर्माण करेगा.सीईओ अदार पूनावाला ने कहा, ÷हमने स्टॉक के रूप में 5-6 मिलियन खुराक का उत्पादन किया है, सभी अस्पतालों में मौजूदा मांग शून्य है. कोविड का वर्तमान वैरिएंट हज्यादा गंभीर नहीं हैं... वरिष्ठ नागरिक एहतियात के तौर पर बूस्टर खुराक ले सकते हैं.÷पूनावाला ने कहा कि ÷वर्तमान में, कोविड स्ट्रेन गंभीर नहीं है, यह सिर्फ एक हल्का स्ट्रेन है. सिर्फ एहतियाती उपायों के लिए बुजुर्ग लोग बूस्टर खुराक ले सकते हैं, लेकिन इसे लेना या न लेना उनकी मर्जी होगी. कोवोवैक्स की पांच से छह मिलियन खुराक उपलब्ध हैं. हम अगले दो से तीन महीनों में कोविशील्ड की भी पांच से छह मिलियन खुराक का उत्पादन भी करेंगे.÷

ंद्र ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों से चिंता पैदा करने वाले क्षेत्रों में कड़ी निगरानी एवं एहतियात बरतने को कहा है. साथ ही उन क्षेत्रों में कार्रवाई करने के लिए कहा है. यूपी, तमिलनाडु, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली को लिखे पत्र में, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने इन राज्यों से किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं करने का आग्रह किया हैदेश में मार्च के बाद से ही कोविड के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है. भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड के 12,193 नए मामले सामने आए हैं. इसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 67,556 हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 42 और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतक संख्या बढ़कर 5,31,300 हो गई.

# यह सच बोलने की कीमत है. मैं सच बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं , राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने तुगलक लेन बंगले को खाली करते वक्त खासे भावुक नजर आए. उन्होंने कहा, ÷मैं भारत की आवाज़ के लिए लड़ रहा हूं.मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं.÷ उन्होंने आगे कहा, ÷हिंदुस्तान के लोगों ने मुझे 19 साल तक यह घर दिया, मैं उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं. यह सच बोलने की कीमत है. मैं सच बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं.दरअसल राहुल शनिवार (22 अप्रैल) दोपहर को तुगलक लेन बंगला पूरी तरह से खाली कर दिया है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को मोदी सरनेम वाली टिप्पणी पर मानहानि पर सूरत की अदालत ने 2 साल की सजा सुनाई थी. इसके दूसरे ही दिन उनकी सांसदी भी चली गई थी. कोर्ट से उन्हें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में अपील दायर करने के लिए 30 दिनों का वक्त मिला है. कांग्रेस नेता ने कहा कि वो लड़ाई लड़ते रहेंगे. उन्होंने आगे कहा कि 19 साल बाद घर खाली कर रहा हूं. ये घर देश की जनता का है, मैं अब 10 जनपथ में रहूंगा. बंगले की चाबी सौंपते वक्त वो काफी भावुक हो गए.



उन्होंने चाबी लोकसभा सचिवालय को सौंपी हैं. दरअसल संसद सदस्यता रद्द होने के बाद उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया था.शनिवार दोपहर बंगले से कांग्रेस नेता के सामान से भरे ट्रक बाहर जाते दिखे. इससे पहले उन्होंने 14 अप्रैल को भी अपने बंगले से ऑफिस और अपना कुछ प्राइवेट सामान ट्रांसफर किया था. इसके अलावा शुक्रवार 21 अप्रैल की शाम भी उन्होंने बंगले से कुछ सामान ट्रक में ट्रांसफर किया था. कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 12, तुगलक लेन बंगला खाली करते वक्त शनिवार को कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल भी मौजूद रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घर उन्हें देश की जनता ने दिया है और उन्हें यह फैसला स्वीकार है. वेणुगोपाल ने आगे कहा कि वह अडानी के मामले पर और मजबूती से अपनी आवाज उठाएंगे. लंबी लड़ाई है, आगे लड़ाई जारी रहेगी. उन्होंने कहा, ÷भावुक नही थे. घर खाली करते घर जोड़ने में वक्त लगता है, जनता का फैसला स्वीकार है, ये मोदी शाह राजनीति है.÷

## पीएम मोदी पर घातक हमले की धमकी वाला पत्र मिला केरल बीजेपी अध्यक्ष का दावा



केरल बीजेपी अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने दावा किया है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर घातक हमले की धमकी वाला एक पत्र मिला है. पीएम मोदी की दो दिवसीय केरल यात्रा के दौरान घातक हमला किए जाने की धमकी दी गई है. पीएम मोदी का दो दिवसीय केरल दौरा सोमवार (24 अप्रैल) से शुरू हो रहा है. अपने दौरे के दौरान पीएम केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और कोच्चि वाटर मेट्रो का उद्घाटन करेंगे. धमकी भरा पत्र मिलने के बाद राज्यभर में हाई अलर्ट जारी किया गया है. साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं.के सुरेंद्रन ने जानकारी दी है कि कोच्चि के एक व्यक्ति की ओर से मलयालम में पत्र लिखा गया, जिसे हफ्तेभर पहले केरल के बीजेपी कार्यालय में भेजा गया था. उन्होंने कहा कि धमकी भरा पत्र राज्य के पुलिस महानिदेशक को सौंप दिया गया है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पत्र पर कोच्चि के रहने वाले एनके जॉनी का पता प्रेषक के तौर पर लिखा हुआ है. पत्र के जरिये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जैसे हमले की धमकी दी गई. संबंधित व्यक्ति से जब अधिकारियों ने संपर्क साधा तो उसने ऐसा पत्र लिखने से इनकार किया और कहा कि किसी ने व्यक्ति ने उसका नाम इस्तेमाल करते हुए चिट्ठी लिखी होगी. पुलिस ने एनके जॉनी के घर का पता लगाकर उससे पूछताछ की. जॉनी ने कहा कि अधिकारियों ने उसकी हैंडराइटिंग की तुलना पत्र की लिखावट से की, जिसके बाद तय हुआ कि उसने वह चिट्ठी नहीं लिखी. जॉनी ने कहा कि कोई व्यक्ति जो उससे दुश्मनी रखता होगा, उसने उसका (जॉनी का) नाम पत्र में लिखा होगा और वही धमकी के लिए जिम्मेदार हो सकता है. जॉनी ने पुलिस को कुछ लोगों के नाम भी बताए, जिन पर उसे शक है. पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है

## मध्य प्रदेश और राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कमर कसते हुए कांग्रेस ने चार वरिष्ठ नेताओं को मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक बनाया है. अर्जुन मोढवाडिया, सुभाष चोपड़ा, कुलदीप राठौड़, प्रदीप टम्टा को मध्यप्रदेश में चुनावी तैयारियों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है. राष्ट्रीय सचिव शिव भाटिया और संजय दत्त को मध्य प्रदेश के प्रभारी जय प्रकाश अग्रवाल के साथ नियुक्त किया गया है.वहीं, राजस्थान के प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा के साथ राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र राठौड़ की नियुक्ति की गई है. मध्य प्रदेश में तो पिछले चुनावों में कांग्रेस ने वापसी की थी लेकिन राज्य के बड़े नेताओं की गुटबाजी के चलते वहां सरकार गिर गई और एक बार फिर से बीजेपी सत्ता में आ गई. कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच की खटास का नुकसान पार्टी के भुगतना पड़ा था.हाल ही में दिग्विजय सिंह ने सीहोर में मीडिया से बात करते हुए



कहा कि कांग्रेस पार्टी का चुनावी मैनेजमेंट संगठन की कमजोरी के कारण कमजोर है. दिग्विजय सिंह ने माना कांग्रेस का संगठन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं है. कांग्रेस का जो इलेक्शन मैनेजमेंट है पोलिंग के दिन भी वह कमजोर दिखाई देता है. जनता वोट देना चाहती है लेकिन संगठन की कमजोरी की वजह से वह पूरा नहीं हो पाता है.राजस्थान में लगभग चार साल तक गहलोत मुख्यमंत्री की कुर्सी बचा रहे हैं. अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की दरार देशभर ने देखा है. हाल ही में राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा, ÷मैं उनके खिलाफ हूं जो पार्टी के खिलाफ हैं.÷ उन्होंने ये बात जयपुर में कांग्रेस विधायकों के लिए आयोजित फीडबैक सत्र में कही थी. जिसमें सचिन पायलट पहुंचे ही नहीं थे.) से सख्त कार्रवाई करने को कहा है. मैं कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करूंगा, चाहे वह कितना भी बड़ा नाम क्यों न हो. मैं यूं ही पंजाब से नहीं आया हूं. मैं यह सुनिश्चित करने आया हूं कि कांग्रेस राजस्थान में सत्ता बरकरार रखे

## आपकी जगह हमारे दिल में है, राहुल गांधी के बंगला खाली करने पर बोले कांग्रेसी

लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार (22 अप्रैल) को सरकारी आवास खाली कर दिया. मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी को सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था. राहुल गांधी अपने आधिकारिक आवास से अपना सारा सामान ले गए. पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली में 12, तुगलक लेन वाले बंगले में रह रहे थे. उन्होंने अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, व अन्य नेताओं की उपस्थिति में बंगला लोकसभा सचिवालय को सौंपा. सरकारी आवास खाली करने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि ये घर 19 साल के लिए देश की जनता ने मुझे दिया. मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं. मैं इसे खाली कर रहा हूं. सच्चाई बोलने की आजकल कीमत है, मैं वो कीमत चुकाता रहूंगा. सच्चाई किसी न किसी को बोलनी पड़ेगी, मैं बोल रहा हूं.इस बीच कांग्रेस नेताओं ने



सोशल मीडिया पर ÷मेरा घर आपका घर÷ अभियान के साथ अपने पूर्व पार्टी अध्यक्ष को समर्थन दिया. कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, ÷ये देश राहुल गांधी जी का घर है. राहुल जो लोगों के दिलों में बसते हैं, राहुल जिनका रिश्ता जनता से अटूट है. कोई उनमें अपना बेटा देखता है, कोई भाई, कोई अपना नेता, राहुल सबके हैं और सब राहुल के. यही कारण है आज देश कह रहा है- राहुल जी, मेरा घर-आपका घर.प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उन्होंने (राहुल गांधी) सरकार के बारे में सच्चाई बोली इसीलिए उनके साथ ये सब हो रहा है



## 'देश को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं', असदुद्दीन ओवैसी पर गिरिराज सिंह का पलटवार

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है. उनका कहना है कि ओवैसी देश में आतंकवादी पैदा कर रहे हैं और वो देश को एक इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं. दरअसल, 21 अप्रैल को ओवैसी ने अतीक अहमद हत्याकांड पर बयान दिया था और हमलावरों को आतंकवादी कहा था. गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम चीफ को लेकर दिए बयान में कहा, ÷ओवैसी देश में आतंकवादी पैदा कर रहे हैं. ओवैसी जब भी बोलते हैं ज़हर उगलते हैं, देश को बांटने वाली बात करते हैं. अपना घर क्यों नहीं देखते हैं, उनका भाई कहता है कि पंद्रह मिनट पुलिस हट जाए तो मैं देश के हिंदुओं को बता दूंगा.÷ उन्होंने आगे कहा, ÷हैदराबाद से सिर तन से जुदा बोलने वाले को ओवैसी ने जेल से छुड़ाया. जिन्ना की बात इनकी जुबान पर और देश को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं. शूटर्स को गोडसे बता कर अतीक जैसे कातिल को गांधी बता रहे हैं.ओवैसी ने हैदराबाद में कहा कि उन्होंने (अतीक अहमद और उसके भाई पर गोली चलाने वाले) कहा कि हम मशहूर होना चाहते थे. ये मशहूर होना नहीं है, ये वो ग्रुप है जिसे हम टेरर सेल कहते हैं...हम पूछना चाहते हैं कि उन पर क्यों नहीं लगा? उन्हें 8 लाख का हथियार किसने दिया? आप याद रखो कि ये आतंकवादी हैं, ये रेडिक्लाइज हो चुके हैं. ये गोडसे के नक्शे कदमों पर चल रहे हैं.उन्होंने कहा, ÷हम खुशहाल हैं लेकिन हुक्मरानों से खुशहाल नहीं हैं. अरे हथकड़ियों में हैं, बेड़ियों में हैं और गोली मार रहे हैं. दिल्ली के नकली बादशाह से पूछना चाहते हैं...बताओ यह क्या हो रहा है. हम उत्तर प्रदेश के महाराज से पूछना चाहते हैं कि यह क्या हो रहा है. उन्होंने कहा था कि गोली का जवाब गोली से देंगे. अब जब गोली चल गई तो जो पुलिस वाले थे किसी ने अपना हथियार नहीं निकाला. ऐसा लग रहा था कि दूल्हे की बारात में आए हैं,

## 7 शहर, 36 घंटे और 5300 किमी का सफर... पीएम मोदी सोमवार से शुरू करेंगे मैराथन यात्रा

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार (24 अप्रैल) से मैराथन टूर पर जाने वाले हैं. पीएम दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए सात शहरों की यात्रा करेंगे. इस दौरान पीएम मोदी सोमवार से 36 घंटों में 5,300 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे और आठ कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पीएम सबसे पहले दिल्ली से मध्य प्रदेश जाएंगे. फिर केरल दादरा और नगर हवेली, उसके बाद दमन और दीव पहुंचेंगे.अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री दिल्ली से खजुराहो जाएंगे और लगभग 500 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और फिर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रीवा जाएंगे. प्रधानमंत्री रीवा में समावेशी विकास पर नौ अभियानों की शुरुआत करेंगे. वह समावेशी विकास पर एक वेबसाइट और एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन भी पेश



करेंगे. इसके बाद वह वापस खजुराहो आयेंगे और आने-जाने की यात्रा में लगभग 280 किमी की दूरी तय करेंगे, और फिर युवम कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए लगभग 1,700 किमी की यात्रा कर कोच्चि पहुचेंगे. मंगलवार की सुबह पीएम मोदी लगभग 190 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कोच्चि से तिरुवनंतपुरम की यात्रा करेंगे, जहां वह एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे. वहां से प्रधानमंत्री सूरत होते हुए सिलवासा जाएंगे और लगभग 1,570 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे. सिलवासा में पीएम नमो चिकित्सा कॉलेज जाएंगे और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद पीएम मोदी देवका समुद्री तट के उद्घाटन के लिए दमन जाएंगे, जिसके बाद वह लगभग 110 किमी की दूरी तय कर सूरत जाएंगे. सूरत से पीएम मोदी वापस दिल्ली जाएंगे.

शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा सात पेटी (350 क्वार्टर प्लेन शराब जप्त कर की कार्यवाही

**जगदीश पाल रिपोटर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु लगातार आदेशित किया गया जा रहा है एवं समस्त थाना प्रभारियों को माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं, माफियाओं पर कार्यवाही की मानीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा की जा रही है । जिसके तारतम्य मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा अवैध शराब माफियाओं पर शिकंजा करते हुये 7 पेटी शराब जप्त कर अवैध शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है । बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन के पालन मे दिनांक 21.04.2023 को थाना प्रभारी खनियाधाना निरी. धनेन्द्र भदौरिया द्वारा पुलिस टीम गठित कर जगह-जगह दबित दी, जिसमे से सोनम ढावा अछरौनी पर आकस्मिक दविस दी गई तो आरोपी बलवीर लोधी पुत्र अनरत लोधी के कब्जे से 7 पेटी (350 क्वार्टर) देशी प्लेन शराब के जप्त किये । आरोपी पुलिस को देखकर भागने की तैयारी मे था जिसे फोर्स की मदद से गिरफ्तार कर थाना लाये । आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबाकारी एक्ट का कायम किया गया ।



उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी धनेन्द्र भदौरिया, सउनि अरुण वर्मा, सउनि प्रकाश कौरव, आर. चा.858 सत्यवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# शिवपुरी पुलिक द्वारा अपराधियों पर की जा रही तुरत कार्यवाही, पुलिस थाना खनियाधाना ने बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे मे किया गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



दिनांक 20.04.2023 को फरियादिया ने बताया कि मैं कालेज से ग्रेजूएसन कर रही हूं । मेरी दोस्ती फेसबुक पर एक लड़के से हो गई थी, उस लड़के द्वारा मुझे शादी करने का प्रलोभन देकर मेरे साथ कई बार गलत काम किया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा आरोपी को अति शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया था उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत के मार्गदर्शन में दिनांक 21.04.20.2023 को निरी. धनेन्द्र भदोरिया थाना प्रभारी थाना खनियाधाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त आरोपी को बस स्टैण्ड खनियाधाना से गिरफ्तार किया कर कार्यवाही की गई है ।उक्त कार्यवाही मे निरी. धनेन्द्र भदौरिया ,सउनि अरुण कुमार , सउनि प्रकाश कौरव ,आर.857 धर्मेन्द्र आर. 1046 बलराम , आर.चा. 858 सत्यवीर गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही

शिवपुरी पुलिस ने डकैती करने से पहले ही डकैतों को दबोचा

# पुलिस थाना कोलारस ने डकैती की योजना बनाते चार आरोपियों को बड़ी बारदात को अंजाम देने से पहले ही धर दबोचा

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे शांति एवं कानून व्यवस्था वनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ लगातार बातचीत करके अपराधों मे कमी लाने के लिये लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को रात्रि गश्त पर ध्यान देने एवं चोरी लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों का पलन करते हुए आज थाना कोलारस पुलिस ने बड़ी बरदात को अंजाम देने की योजना बना रहे उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और मथुरा से लूटी गई कार बरामद की है । जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये अभियान निरन्तर चलता रहेगा । पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में पुलिस थाना कोलारस द्वारा आज बड़ी बारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे राजस्थान एवं उ.प्र. के चार शातिर बदमाशों को धर दबोचा है । दिनांक 22.04.2023 को सुबह करीब 05.30 बजे थाना प्रभारी कोलारस मनीष कुमार शर्मा को जरिये मुखविर सूचना मिली की बापू ढाबा के खंडहर ढाबे में 5-6 बदमाश किसी बारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे है, इस पर थाना प्रभारी कोलारस निरी. मनीष कुमार शर्मा एवं उनकी पुलिस टीम ने बापू फार्म फोर लेन के ढाबे के खंडहर को घेर लिया जहां अंदर पांच लड़के आपस में एम.आर.एफ. टायर शोरूम और गांधी पेट्रोल पम्प को लूटने की योजना बना रहे थे । पुलिस टीम ने उन बदमाशों को घेर कर पकड़ा जिनमे से एक बदमाश भाग गया तथा शेष चार बदमाश पकड़े गये जिनसे एक 315 बोर का कट्टा



एक राउण्ड, दो गुप्ती, एक तलबार और बाहनों के लॉक तोड़ने के उपकरण, मथुरा से लूटी गयी एक कार सही नम्बर प्लेट जप्त की गई है । इन बदमाशों के नाम अजय जोगी नि. शाहगंज थाना शाहगंज जिला आगरा, भोला उर्फ भूपेन्द्र जाट नि. सुसाबली थाना मुरसान जिला हाथरस, गुलाब सिह गुर्जर नि. सूरोठ जटबाडा थाना सूरोठ जिला करोली राजस्थान, शिवसिह गुर्जर नि. ग्राम झटोला थाना बयाना जिला भरतपुर राजस्थान है । मौके से भागने बाला बदमाश नि. कृष्णाबाग भरतपुर राजस्थान बताया जा रहा है । पुलिस से भागने का प्रयास करने में बदमाश शिवसिंह गुर्जर चोटिल भी हुआ है, जिसका इलाज पुलिस द्वारा कराया जा रहा है । आरोपियों से जिला मथुरा के दीपक कुमार के ड्रायवर रघुवीर सिंह से दिनांक 09.04.2023 को लूटी गई श्विफ्ट डिजायर कार नम्बर यूपी 85 बी.टी. 4545 भी बरामद की गई है जिस पर ये बदमाश फर्जी नम्बर आर जे 14 डब्ल्यू सी 4082 की नम्बर प्लेट लगाकर उपयोग कर रहे थे । इन बदमाशों पर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चोरी लूट और डकैती के कई मुकदमे कायम हैं । बदमाश गुल्ला उर्फ गुलाब सिह गुर्जर नि. थाना सूरोठ जिला करोली राजस्थान का नामजद हिस्ट्रीशीटर है जिस पर थाना सूरोठ जिला करोली राजस्थान में चोरी और लूट के 14 मुकदमे कायम है अन्य अपराधियों का भी रिकोर्ड मगाया जा रहा है

उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी मे थाना कोलरस के आर. 237 नहार सिंह की अति महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिस हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आर 237 नहार सिंह को 500 रु. के नगद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया है ।

उक्त कार्यवाही को अंजाम देने में थाना प्रभारी कोलारस निरी. मनीष कुमार शर्मा, उनि. श्याम सिह जादौन, उनि. हरीशंकर शर्मा, प्र.आर. 119 भूपेन्द्र सिह, प्रआर. 43 दिलीप सिह, प्रआर.475 नरेश दुबे, प्रआर. 776 नीतू सिह, आर. 237 नाहर सिह, आर. 1035 सौरभ पचौरी, आर. 88 पुष्पेन्द्र रावत, आर. 364 ओम सिह, आर.चा. 926 बलराम मौगिया की विशेष भूमिका रही है ।

तकनीकी अमले को समझाईं अमृत सरोवर तालाब निर्माण की बारीकियां

# जिला पंचायत सीईओ की पहल पर आरईएस और मनरेगा के इंजीनियर को कराया गया फील्ड भ्रमण

## निर्माणाधीन तालाब दिखाकर दी जानकारी

**राकेश परिहार पिछोर**

जिले में अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण किस तरह से किया जाना है। निर्माण में किस तरह तकनीकी मापदंडों का पालन निर्धारित मानक अनुरूप करना है। इसके बारे में जानकारी देने के लिए जिले के समस्त आरईएस और मनरेगा के इंजीनियरों को खनियांधाना रेडी हिम्मतपुर ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे नवीन अमृत सरोवर तालाब का निर्माण दिखाकर के जानकारी दी गई। खनियांधाना रेडी हिम्मतपुर ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे अमृत सरोवर तालाब के दौरान जहां पर सभी तकनीकी अमले को फील्ड भ्रमण कराया गया। फील्ड के दौरान यहां पर तालाब निर्माण की बारीक जानकारी दी गई। फील्ड भ्रमण के दौरान यहां पर आरईएस और मनरेगा के 100 से ज्यादा इंजीनियर मौजूद रहे। इस फील्ड भ्रमण के दौरान यहां पर खनियाधाना मिठ्ठल सिंह रघुवंशी द्वारा तालाब निर्माण की जानकारी दी गई कि किस तरह तालाब निर्माण किया जाएगा, वेस्ट वियर का निर्माण किस तरह होगा, लेवल क्या रहेगा, मिट्टी का भराव किस तरह किया जाएगा और मानक निर्माण का स्तर क्या होगा। इसकी पूरी जानकारी दी गई।



**जिला पंचायत सीईओ की पहल**-जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी की पहल पर आरईएस और मनरेगा के इंजीनियरों को यह फील्ड भ्रमण कराया गया। जिसमें जिले भर का पूरा तकनीकी हमला करीब 100 इंजीनियर मौजूद रहे, जिन्होंने खनियांधाना रेडी हिम्मतपुर ग्राम पंचायत का भ्रमण किया और यहां पर अमृत सरोवर तालाब निर्माण की जानकारी ली जिससे जिले में अन्य स्थानों पर चल रहे तालाबों का निर्माण मानक अनुरूप किया जा सके।

**आने वाले समय में मिलेगा अमृत सरोवर तालाबों का फायदा**-शिवपुरी जिले में इस समय विभिन्न पंचायतों में अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। शिवपुरी के जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी को मुख्यमंत्री द्वारा तालाब निर्माण में अच्छे कार्य करने पर सम्मानित किया जा चुका है। इस समय गर्मी का दौर है और जिले के विभिन्न स्थानों पर नवीन तालाब का निर्माण कार्य चल रहा है। आने वाले समय में जब यह जल संरचनाओं का निर्माण पूरा हो जाएगा तो यहां पर जलभराव के बाद यहां पर ग्रामीणों को कई फायदे होंगे। भूमिगत जलस्तर में ब?ोत्तरी होगी, पशुओं को पानी मिलेगा, पेयजल की उपलब्धता होगी। साथ ही मछली पालन से रोजगार के साधन भी निर्मित होंगे।

# जन-सेवा के कार्यों में जनअभियान परिषद की महती भूमिकाः मुख्यमंत्री श्री चौहान

## पेसा समन्वयक, जन-सेवा मित्र और जनअभियान परिषद के सदस्यों से संवाद

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी,** / मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जन-सेवा के कार्यों में जन अभियान परिषद की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। जन-सेवा मित्र और पेसा समन्वयक प्रशासनिक टीम के साथ जुनून और जज्बा से बेहतर कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा जनता को जागरूक करने और सक्रियता से कार्य करने से नई जागृति पैदा हुई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीसी के माध्यम से जन-सेवा मित्र, पेसा समन्वयक एवं जन अभियान परिषद के सदस्यों से वर्चुअली संवाद कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कलेक्टर समन्वय बना कर कार्य करें। जन अभियान परिषद, पेसा कोर्डिनेटर एवं जन-सेवा मित्रों में बेहतर समन्वय स्थापित हो। प्रदेश में लाड़ली बहना सेना भी बनाई जायेगी। बहनें सामाजिक क्रांति लायेंगी। समाज की विभिन्न कुरीतियों और अन्याय के खिलाफ कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में जनता की समस्याओं का निराकरण होगा, जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। कलेक्टर जन-सेवा अभियान की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर अभियान की तैयारी पूरी कर लें।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में उत्साहवर्धन के लिए जन-सेवा मित्रों एवं अन्य लोगों की उपस्थिति रहे। मुख्यमंत्री ने जन अभियान परिषद, पेसा कोर्डिनेटर एवं जन-सेवा मित्रों को बेहतर कार्य के लिए बधाई दी।



इस मौके पर एनआईसी शिवपुरी के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक रीना शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनसेवा मित्र उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस द्वारा बदसलूकी, 500 रुपए की राशिद और 3500 की मांग, नही देने पर सीधी 185 की कार्यवाही, अनोखी कार्यवाही

कवरेज करने गए पत्रकार पर शासकीय कार्य में बाधा की धमकी देना और कार्यवाही करवाना

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर शिवपुरी यातायात से है जहां यातायात पुलिस द्वारा बदसलूकी की जा रही है आपको बता देंगे ?500 की रसीद के नाम पर पैसे ?100 की मांग करने पर नहीं देने पर सीधा 185 की कार्यवाही की गई आपको बता दें कि कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ भी पुलिस द्वारा बदसलूकी कर कार्यवाही के लिए गाड़ी में बैठाकर कोतवाली रवाना किया गया लेकिन यह कहां की कार्यवाही है।जहां एक तरफ नो एंट्री में आए वाहन पर चलानी कार्रवाई के नाम पर ?3500 रुपए का चालन काटने को ड्राइवर को कहा लेकिन जब ड्राइवर ने पूछा इतना पैसा नहीं है उसके बाद कहा कि इतना ही लगेगा जिसमें ?500 की रसीद की प्राप्ति आपको दे दी जाएगी जब इसका विरोध किया तो उसको पकड़ कर यातायात थाने के अंदर ले गए और उसकी मारपीट भी कर दी और जब उसको मौका मिला तो वह एसपी के पास गया शिकायत दर्ज कराने लेकिन शिकायत दर्ज कराने से पहले ही यातायात पुलिस आरक्षको द्वारा उसको उठाकर वापस थाना को थाने में ले जाकर मारपीट कर दी। जब विरोध किया तो यातायात पुलिस द्वारा बदसलूकी करने लगे जब मौजूद पत्रकार उस घटना का कवरेज करने लगे जब इसकी जानकारी यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव से लेना चाही तो पत्रकार अनिल कुशवाह को भी धक्के मारके अंदर गाड़ी में बिठाकर थाने ले गए जहां कार्यवाही यातायात थाना प्रभारी द्वारा द्वेष भावना की कार्यवाही करवाई गई लेकिन यह थाना प्रभारी को पुष्पांजलि टुडे के माध्यम से यह संदेश है कि आने वाले समय में किसी प्रकार की कोई गलत कार्रवाई करते समय पकड़े गए तो इस पर इनको बचाने वाला कोई नहीं मिलेगा

धक्का मुक्की कर कार मैं बिठाला जबरजस्ती





# शिवपुरी नगर में स्थित प्लास्टिक सामग्री विक्रेताओं के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

शिवपुरी, शिवपुरी नगर को अमानक प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए कलेक्टर रविन्द्र चौधरी द्वारा गठित दल ने आज 22 अप्रैल 2023 को नगर में स्थित प्लास्टिक सामग्री विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की। दल ने अमानक प्लास्टिक, कैरी बैग, ग्लास, स्ट्रा आदि का उपयोग एवं विक्रय करने वाले दुकानदारों पर लगभग 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसी दौरान जानकारी मिलने पर जैन डिस्पोजल के गोदाम पर छापामारी करने पर बड़ी भारी मात्रा में वैवाहिक, मांगलिक आदि कार्यक्रमों में उपयोग में लायी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक से निर्मित ग्लास, चम्मच, स्ट्रा आदि सामाग्री पाई गई, जिसके बड़े-बड़े कार्टून से गोदाम के कमरे भरे हुए मिले, जिन्हें तत्काल जब्त कर, ट्रॉली मंगवाकर भरवाया गया। आज विभिन्न स्थानों पर की गई इस संपूर्ण कार्रवाई मे लगभग 2 क्विंटल अमानक प्लास्टिक सामाग्री जब्त की। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई व लगातार दी जा रही समझाइश के बाद आज बाजार में कुछ दुकानदारों द्वारा वैकल्पिक कैरी बैग का उपयोग करते हुए भी देखा गया। इस मौके पर डॉ एस के सगर मुख्य नगर पालिका अधिकारी



नगर पालिका परिषद शिवपुरी ने सभी से अपील की, कि वातावरण और नगर को स्वच्छ बनाने में दुकानदार व नागरिक सहयोग देवे, यह हम सब की जिम्मेदारी है कि दुकानदार व विक्रेता अमानक प्लास्टिक सामाग्री, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय न करें। वैवाहिक व मांगलिक आदि कार्यक्रमों में भी आम जनता सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें जो प्रकृति, जल, जीवन, जमीन के लिए घातक है।प्रशासन द्वारा ऐसी सामाग्री के विक्रेताओं के गोदामों की जानकारी जुटाई जा रही है। जहाँ से सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी सामाग्री बहुतायत में मिलने की संभावना है। वहाँ से अमानक सामाग्री जब्ती और जुर्माने की आगे और भी कड़ी कार्रवाई नगर प्रशासन द्वारा की जाएगी। इस कार्रवाई में डॉ के एस सगर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शिवपुरी, सिद्धार्थ भूषण शर्मा तहसीलदार शिवपुरी, सतेंद्र गुर्जर नायब तहसीलदार, सचिन चौहान सहायक यंत्री, योगेश शर्मा स्वच्छता निरीक्षक, प्रमोद शर्मा आरआई तहसील शिवपुरी, दिनेश शिवहरे पटवारी, जयदेव दुवे पटवारी, दुष्यंत तोमर पटवारी, मयंक पाठक पटवारी, सफाई दरोगा नगर पालिका परिषद शिवपुरी शामिल थे

# हत्या के अपराध में फरार शेष आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

अमायन। दिनांक 11/04/23 को पूर्व रंजिश व पानी की लेजम को लेकर ग्राम धौरखा थाना अमायन के पंकज गुर्जर, रोशन गुर्जर, दिलीप गुर्जर, गब्बर गुर्जर, भगवंत गुर्जर तथा करन सिंह गुर्जर, रामअख्तयार सिंह गुर्जर, श्याम सिंह गुर्जर वीरेन्द्र सिंह गुर्जर के बीच आपस में लडाई झगडा हो गया था जिसमें आरोपीगणो द्वारा वछ / भाले से आक्रमण कर दिलीप गुर्जर पुत्र पुलंदर सिंह गुर्जर उम्र 55 साल निवासी ग्राम धौरखा की मृत्यु हो गई थी जिस पर से आरोपी करन सिंह गुर्जर, राम अख्तयार सिंह गुर्जर, श्याम सिंह गुर्जर, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर के विरूद्ध अपराध क्र. 38/23 धारा 302,307 भादवि. का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था तथा प्रकरण के आरोपी राम अख्तयार सिंह गुर्जर, श्याम सिंह गुर्जर, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर को दिनांक 12/04/23 को ही



गिरफ्तार कर उप जेल मेहगाँव में न्यायलय के आदेश से जेआर पर निरूद्ध कराया गया तथा शेष फरार आरोपी करन सिंह गुर्जर की तलाश की जा रही थी।पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में एवं मेहंगाव एसडीओपी आर. के. एस. राठौर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे, गंभीर अपराधों के आरोपियों की धरपकड के पालन में कल दिनांक 21/04/23 को रात्रि में सूचना मिली की उक्त अपराध का फरार आरोपी करन सिंह गुर्जर अडोखर क्षेत्र में देखा गया है। सूचना पर से आरोपी करन सिंह गुर्जर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया तथा पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त औजार को जप्त किया जाकर आरोपी का जेआर तैयार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।सराहनीय योगदान - उपनिरीक्षक सुनील सिंह सिकरवार थाना प्रभारी अमायन, का. प्रधान आरक्षक कोमल सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, आरक्षक जीतू यादव, सैनिक अरविन्द सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# शासन के नियमों को ताक पर रखकर भिण्ड में आखिर कब खत्म होगी अटैचमेंट व्यवस्था

## मुख्यमंत्री के नाम लिखेंगे पत्र

पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । शासन के नियमों के विपरीत भिण्ड जिले में कलेक्ट्रेट,जिला निर्वाचन , जिला पंचायत में कई महत्वपूर्ण पदों पर शिक्षक सहित कई विभागो मे अन्य विभाग के कर्मचारियो को नियम विरुद्ध तरीके से अटैचमेंट कर दिया गया, जबकि पूर्व में ही यहां अन्य अधिकारी कार्यरत थे। शासन द्वारा नए आदेशों के अनुसार सभी अटैचमेंट समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन भिण्ड में राजनीतिक दवाब के चलते निर्देशों का कोई पालन नहीं कि या जा रहा है। ये आरोप भिण्ड जिला कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता और मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया पैनलिस्ट डा.अनिल भारद्वाज ने लगाए। श्री भारद्वाज ने उदाहरण देते हुए कहा कलेक्टर कार्यालय जिला भिंड में अटैच स्टेनो जिनकी पोस्टिंग जल संसाधन विभाग लहार में वर्ष 2007 में हुई थी। जहां से वो एक वर्ष बाद अर्थात 2008 से अपर कलेक्टर भिंड के कार्यालय में अटैच हो गए थे। इसके बाद वर्ष 2016 से स्टेनो टू कलेक्टर के यहां अटैच हैं। जबकि शासन सामान्य प्रशासन विभाग के स्पष्ट आदेश हैं कि अटैचमेंट समाप्त किए जाएं। इस संबंध में शासन द्वारा समय समय पर आदेश भी जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार आदेश क्रमांक एफ/6 - 2/2012/एक/9, दिनांक 25/06/2013 द्वारा सभी प्रकार के संलग्नीकरण तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार आदेश दिनांक 18/01/2000, दिनांक 04/06/2019 एवं दिनांक 24/06/2021 से भी सभी प्रकार के अटैचमेंट समाप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के इसी आदेश के आधार पर वर्ष 2018 में उनका अटैचमेंट आदेश 21/12/2018 को समाप्त किया जाकर उन्हें मूल विभाग जल संसाधन लहार के लिए आदेश जारी किया गया था। परंतु इनके द्वारा पूर्व कलेक्टर धनराजू एस पर राजनैतिक दवाब डलवाकर उक्त आदेश को उसी दिन निरस्त करवाया गया। इस प्रकार श्रीमान स्टेनो साहब स्टेनो टू कलेक्टर के पद पर नियम विरुद्ध तरीके से शासन आदेश के विपरीत अटैच बने हुए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में इनका आदेश निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु आदेश क्रमांक 7813 दिनांक 30/07/2020 से आगामी आदेश तक के लिए संयोजित किया गया था। जबकि निर्वाचन कार्य काफी लंबे समय पूर्व ही समाप्त हो चुका है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता के मूल विभाग जल संसाधन द्वारा इन्हें वापिस किए जाने की मांग भी पत्र क्रमांक 360 दिनांक 14/02/2019 एवं पत्र क्रमांक 2054 दिनांक 17/07/2019 से की गई किंतु अभी तक इन्हें मूल विभाग में वापिस नही किया गया। श्री भारद्वाज ने अटैचमेंट व्यवस्था को जिला कलेक्टर महोदय से समाप्त करने की मांग की है। साथ ही इस प्रकार शासन के नियमों की अनदेखी न हो उसके लिएं मुख्यमंत्री के लिए अटैच कर्मचारियों के नामों का उल्लेख किया हुआ खुला पत्र लिखने की बात कही है।

# किशोर अवस्था के बालक नशे से रहें दूर

पुष्पांजली टुडे




भिण्ड । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा श्रीमती सुरभि मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं श्री हिमांशु कौशल जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में विशेष जागरुकता सप्ताह अंतर्गत नशा मुक्ति के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित मनोज कुमार तिवारी सप्तम अपर जिला न्यायाधीश, भिण्ड ने नालसा की नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 एवं दिनांक 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष नशा मुक्ति सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित किशोर बालकों को जानकारी देते हुए बताया कि नशा मनुष्य को व्यक्तिगत, सामाजिक एवं मानसिक रूप से निशक्त कर देता है तथा उसके जीवन को पूर्ण रूप से नष्ट कर देता है। अतः सभी को नशे से दूर रहकर अपने आपको समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने देश की सेवा करनी चाहिए और स्वयं को भी निरंतर आगे बड़ाते रहना चाहिए।उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, भिण्ड द्वारा बताया गया कि किशोर अवस्था में बालक नशे की तरफ बड़ी आसानी से अग्रसर हो जाता है। इस उम्र में बालक में समझने-बूझने की क्षमता कम होती है तथा वह अपने साथियों के साथ मिलकर नशे जैसे बीड़ी, तम्बाकू, सिगरेट, गुटका आदि से शुरूआत कर ड्रग सेवन तक पहुंच जाता है। ऐसा करते हुए वह जाने-अनजाने विभिन्न प्रकार के अपराधों को कारित करता है।

# उत्क्रष्ट कार्यो को लेकर रामेश्वर बड़ोले को राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया



खरगोन जिले से मुन्ना खान

पुष्पांजली टुडे

खरगोन। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के 132 वें जन्मदिन के अवसर पर भीम जन्मभूमि समिति महू द्वारा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं युवाओं में शैक्षिक और सामाजिक जागरूकता तथा सशक्तिकरण के लिए खरगोन के सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवी रामेश्वर बडोले को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं महामाहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा भीम रत्नअलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री बडोले की उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं एवम उनके द्वारा युवाओं और समाज वंचित समाज को शैक्षिक रूप से मजबूत और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और प्रचार- प्रसार और उन्हें एक मजबूत राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने के लिए दिया गया ।श्री बणओझेले को सम्मानित किये जाने पर अम्बेडकर ग्रुप खरगोन के डॉ अवदेश कुमार, जीतू वर्मा, प्रदीप करोदिया शिवकरण अटोदे,विनय पीपलदे, संतोष पंचोली,रितेश माहेश्वरी, जगदीश भालसे, हुकुम कोचले,मनीष भमोरिया , नितेश आडतिया अमित भालसे, दिलीप पंचोली, प्रीति कोठे,रिंकू अय्यर सहित समाज जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

## मतदान जनजागृति जागो मतदाता जागो का किया आयोजन

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरू।श्री महावीर स्वामी वर्षी तप चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मारुती मेडिकल के संयुक्त तत्वावधान में बेंगलुरू पैलेस ग्राउंड में मतदान जनजागृति अभियान जागो मतदाता जागो का आयोजन किया गया महेंद्र मुणोत ने अपने संबोधन में कहा लोकतंत्र का उत्सव कर्नाटक का विधानसभा चुनाव 10 मई 2023 को है मतदान हमारी ताकत है मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है परम कर्तव्य है उस दिन राष्ट्हित में मतदान अवश्य करें एवं देश के विकास की इबारत अपने हाथों से लिखें ।

### एक कदम विकास की ओर......

# दोनों ग्रामों को जोड़ने वाली पुलिया का निर्माण कार्य के लिए हुआ पूजन भदौरिया

भिण्ड / गोरमी से पांच किलोमीटर दूर कुटरौली मे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि सबका साथ सबका विकास का नारा लेकर चलने वाली पार्टी द्वारा कई विकास कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों में से ग्राम पंचायत कुटरौली में दो ग्रामों को जोड़ने वाली कच्चे नाले पर पुलिया के लिए कई दशकों से मांग समाजसेवी सुरेश सिंह भदौरिया एवं वर्तमान सरपंच जय सिंह गुर्जर व ग्राम पंचायत वासियो के दोनों ग्रामों के द्वारा उठाई जा रही थी क्योंकि दोनों ग्रामों की एक दूसरे के गांव के समीप भूमि हैं और दोनों ग्राम एक ही ग्राम पंचायत में आते हैं बरसात के दिनों मैं काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि वहां पर कच्चा रास्ता है और नाले में पानी का बहाव भी रहता है जिससे आम जनों को पानी के बहाव में डूबने का डर रहता है द्य वाहनो की आवा जाई भी बंद हो जाती है जिसके कारण गोरमी से घूम कर लगभग बारह



किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है अगर यह पुलिया का निर्माण हो जाता है तो केवल एक किलोमीटर का ही फैसला रह जाएगा लेकिन कोई भी नेता इसमें आगे नहीं आ रहा था क्योंकि जो भी आता है अपना वोट बैंक बना कर चला जाता है बजट नहीं होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते है लेकिन जब यह मांग हाल ही जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सुनील सिंह पर पहुंची तो उन्होंने तुरंत ग्राम पंचायत वासियों के मांग पर पुलिया के लिए बजट स्वीकृत करवाया जिस पुलिया की आधार शिला समाजसेवी सुरेश सिंह भदौरिया जी एवम सरपंच जय सिंह गुर्जर जी द्वारा निर्माण कार्य का पूजन किया गया द्य साथ में सुरेंद्र सिंह भदोरिया, हवलदार सिंह परिहार,सोनू सिंह भदौरिया, बिंद्रावन सिंह बघेल, सिया राम सिंह बघेल, कैलाश सिंह गुर्जर, जहां सिंह गुर्जर, लाखन सिंह गुर्जर, लक्ष्मण सिंह जाटव, हरि गोविंद जाटव, पूर्व सरपंच चरण सिंह जाटव, जितेंद्र बरेठा, रणवीर सिंह बरेठा, भूलन जाटव इस तरह से दोनो ग्रामों के ग्रामवासी काफी जनसंख्या में मौजूद रहे

# मालनपुर सूर्या ग्रुप में महा रक्तदान शिविर संपन्न 195 यूनिट रक्तदान

पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर

पहलवान सिंह राजावत







मालनपुर।उद्योग क्षेत्र मालनपुर की उद्योग इकाई हाई मास्ट सूर्या व सूर्या रोशनी में रक्त दान दाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तो मालनपुर क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार भी रक्त डोनेशन करने में पीछे नहीं रहे सूर्या कंपनी में अक्षय तृतीया के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्लांट हेड एवं एचआर हेड स्टाफ कंपनी मजदूरों ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर रक्तदान दिया स्थानी आधा दर्जन कलमकार पत्रकारों ने अपना रक्त देकर पुण्य का काम किया तो प्रबंधकों ने प्रशंसा जाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया आज रक्तदान शिविर में सूर्या कंपनी दोनों में कुल 195 यूनिट सदस्यों ने रक्तदान दिया जिसमें सूर्या रोशनी के महाप्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी जानकारी में बताया कि 153 यूनिट रक्त दान दिया है और सूर्या हाई मास्ट के मुकुल राय ने बताया कि 42 यूनिट रक्तदान दिया है जिसमें 350द्वद्य की यूनिट प्रति यूनिट लिया गया इस रक्तदान शिविर का आयोजन सूर्या रोशनी प्रांगण में जीवन रक्षक संजीवनी एवं जयारोग् हॉस्पिटल ग्वालियर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया जो जरूरतमंदों को शासकीय रेडकोर्स ब्लेड बैंक द्वारा प्रदान किया जाएगा सूर्या रोशनी एवं हाईमास्ट पाइप डिवीजन प्रांगण में रक्तदान शिविर जिला भिंड के चिकित्सकों द्वारा रक्तदान कराया गया जो जिला शासकीय अस्पताल में रोगियों की आवश्यकता हेतु दिया जाएगा सूर्या रोशनी प्लांट हेड तपन कुमार बंदोपाध्याय, एचआर हेड मुकुल चतुर्वेदी पाईप डीविजन प्लांट हेड मानसिंह शेखावत, संजय सिंह कुशवाह, विनोद सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम लाल, मुकूल राय, अनिल शर्मा आदि कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वहीं कलमकारों में बृजभूषण सिंह कुशवाह, देवेंद्र कुमार शर्मा, बृजेंद्र पाल बंसल पहलवान सिंह राजावत आदि प्रमुख थे भिंड से स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉक्टर आलोक शर्मा डॉक्टर अनिल भटेले, हेमंत ,मेडम बाजपेई,गौरव यादव, आदि की टीम का सराहनीय सहयोग रहा इसी तरह जयरोग अस्पताल एवं जीवन रक्षक संजीवनी ग्वालियर से आई चिकित्सक टीम मैं डॉक्टर नीरज पंचोली डॉक्टर प्रेम सिंह चौहान डॉक्टर रश्मि करोले, डॉ गीता पारकर, लैब टेक्निकल एस बी शर्मा, जय सिंह, नीतू सूर्यवंशी, माला भदौरिया, धीरेंद्र सतीश शर्मा, एवं जीवन रक्षक संजीवनी हेड शैलेंद्र सिंह भदौरिया, ठेकेदार छोटे सिंह भदौरिया , आदि लोग का सराहनीय योगदान रहा

# बीजेपी के प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर जैतारण में रक्तदान शिविर का आयोजन

## युवाओं ने 161 यूनिट रक्तदान का करवाया रिकॉड दर्ज

पुष्पाजंली टुडे

निमाज।पाली 21 अप्रैल जैतारण उपखंड मुख्यालय के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित माली ( सैनी ) भवन में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में डॉ महेंद्र कुमावत भारतीय जनता पार्टी के पाली जिला उपाध्यक्ष,रामस्वरूप भाटी जैतारण नगर पालिका चेयरमैन, रमेश भाटी समाजसेवी जैतारण,सुनील प्रजापत जैतारण शहर मंडल



अध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। डॉ महेंद्र कुमावत भारतीय जनता पार्टी के पाली जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्व कल्याण भावना से प्रेरित होकर मानव सेवा सप्ताह के तहत पहली बार रिकॉर्ड 161 लोगों ने आगे आकर रक्तदान किया गया । भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ के नाम से सभी रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट भी बांटे गए

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के 1429 नव निर्मित आवासों का गृहप्रवेश 24 अप्रैल को

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के 4.11 लाख नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम दिनांक 24 अप्रैल 2023 को प्रातः 11= 30 बजे रीवा जिले से किया जायेगा।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में 22.64 करोड़ की राशि से 1887 आवास बनकर पूर्ण हुए हैं। ॅसीईओ जिला पंचायत मनोज कुमार सरियाम ने बताया है कि 22 अक्टूबर 2022 से 21 अप्रैल 2023 तक आवास प्लस व एसईसीसी में कुल 1429 आवासों में पूर्ण किये हैं। इन सभी नव निर्मित आवसों में 24 अप्रैल, सोमवार को गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी आवासों में दीपक जलाकर फीता काटकर, रंगोलियाँ बनाकर गृह प्रवेश कराया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला, जनपद पंचायत अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर टी.व्ही. एल.सी.डी. पर दिखाने की समुचित व्यवस्था की गई है।

संपादकीय

## जाति गणना का अस्त्र

यूं तो गाहे–बगाहे विभिन्न राजनीतिक दल देश में जाति आधारित जनगणना की मांग करते रहे हैं। पहले इस मुहिम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगुवाई की। फिर राजद व द्रुमुक के अलावा कई राज्यों ने भी ऐसी मांग दोहराई। लेकिन अब अपने परंपरागत स्टैंड से इतर कांग्रेस ने जाति आधारित जनगणना की मांग उठाकर सब को चौंकाया है। निस्संदेह, यह कहना कठिन है कि यह मुद्दा कितना सामाजिक सरोकारों व वंचित समाज के उत्थान से जुड़ा है, लेकिन एक बात तो साफ है यह मामला सिर्फ कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित रहने वाला नहीं है। बल्कि आसन्न आम चुनाव तक विपक्ष को एकजुट करने के लिये एक अस्त्र के रूप में प्रयोग किया जाने वाला है। यदि अतीत के पन्नों को पलटें तो जब कमंडल मुद्दा भाजपा के जनाधार को एकजुट करने का मंत्र बना तो मंडल का मुद्दा उभारा गया था। कमोबेश वही स्थितियां दोबारा दुहराई जा रही हैं। लगातार दो बार से केंद्र की सत्ता में काबिज मोदी सरकार को चुनौती देने के लिये विपक्षी एकता की जो इबारत लिखी जा रही है, उसके मूल में जाति गणना का मुद्दा सामने आया है। कर्नाटक के कोलार में गत रविवार हुई एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति गणना का मुद्दा उठाया था। जाहिर है यह बात उन्होंने पार्टी के थिंक टैंक की रीति–नीति के अनुरूप ही कही होगी। इसी कड़ी का दूसरा पहलू यह भी है कि इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जाति आधारित जनगणना करवाने पर जोर दिया है। कहीं न कहीं राहुल गांधी के मानहानि प्रकरण को भाजपा द्वारा पिछड़ों के अपमान के मुद्दे में तब्दील करने के बाद भी कांग्रेस डेमेज कंट्रोल में जुटी नजर आती है और भाजपा के अस्त्र से ही पलटवार करने का मन बना चुकी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का यह स्टैंड विपक्षी एकता की कवायदों के बीच साझे मुद्दे के रूप में उछालने का भी है। बहरहाल, पलटवार करते हुए कांग्रेस नेतृत्व दलील दे रहा है कि भाजपा को यदि अन्य पिछड़ा वर्ग की इतनी चिंता है तो वर्ष 2011 में हुई जाति जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करे। दलील यह भी कि वर्ष 2011 में जाति जनगणना का निर्णय संप्रग सरकार के कार्यकाल में हुआ था। साथ ही यह भी कि तब कोशिश इसलिये सिरे नहीं चढ़ सकी थी कि क्रियान्वयन होने तक केंद्र में मोदी सरकार आ गई थी। जिसने इन आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया। जाहिर है इस मुद्दे पर पहले भी खूब राजनीति हुई और आगे भी होती रहेगी। कहना कठिन है कि कांग्रेस समेत विपक्ष का इस मुद्दे के प्रचार का मकसद वाकई पिछड़ों व वंचितों का कल्याण करना है या सिर्फ अपना जनाधार बढ़ाना। कुछ लोग कांग्रेस की नीति में आये बदलाव की वजह यह भी बताते हैं ताकि कांग्रेस यह दिखा सके कि मुद्दों के मामले में वह शेष विपक्ष के साथ खड़ी है। निस्संदेह, इस मुहिम के जोर पकड़ने से भाजपा की मुश्किलें बढ़ जायेंगी। दरअसल, भाजपा सिद्धांत रूप में जाति जनगणना के पक्ष में नहीं रही है। उसे मालूम है कि देश में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल व जनता दल यूनाइटेड आदि के जनाधार का मुख्य आधार जातीय ध्रुवीकरण ही रहा है। जिसके चलते पिछड़े व वंचित वर्ग का कितना उत्थान हुआ ये कहना तो मुश्किल हैं, लेकिन इन दलों का परिवारवाद खूब फला–फूला है। लेकिन इतना तो तय है कि यह कवायद कालांतर आरक्षण के फार्मूले में बदलाव की मांग तक जायेगी। जातीय आधार पर गणना से सामने आने वाले आंकड़ों के जरिये विभिन्न जातियों के लिये नये सिरे से आरक्षण के निर्धारण की भी मांग उठेगी। उनकी सत्ता में भागीदारी बढ़ाने की भी बात कही जायेगी। लेकिन सवाल यह भी सामने आएगा कि 21वीं सदी में अमृतकाल से गुजरते देश में समतामूलक समाज के विकास का रास्ता क्या आरक्षण से होकर ही गुजरेगा? या फिर हाशिये पर गये लोगों के लिये आरक्षण को न्यायसंगत बनाने की भी पहल होगी। इस मुद्दे पर राजनीतिक चश्मे के बजाय राष्ट्रीय सरोकारों का भी ध्यान रखना होगा। यानी समतामूलक जातिविहीन समाज के विचार पर भी मंथन किया जायेगा।

## मौसम के तल्ख तेवर

**आदित्य नारायण**

*प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल–नीनो कहा जाता है। इसकी उपस्थिति पर मौसम का मिजाज निर्भर करता है। प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाता है। इस बार ऐसी ही स्थिति के आसार दिख रहे हैं।*

अप्रैल माह में सूर्य के तेवर इतने तल्ख हो चुके हैं कि घरों से बाहर निकलते ही लू जैसे प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। उससे इस वास्तविकता को स्वीकार कर लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन ने हमारे जीवन पर घातक प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में लू की चेतावनी दे दी थी लेकिन बीच–बीच में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि राहत जरूर देती रही लेकिन इससे फसलों को नुक्सान हो चुका है। अब जबकि मंडियों में सरकारी खरीद के लिए गेहूं पहुंच रहा है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में बारिश की भविष्यवाणी खुले में पड़ी फसल के लिए नुक्सानदेह ही साबित होगी। भीषण गर्मी पड़ने से गेहूं का दाना सिकुड़ जाता है और बारिश होने से फसल तबाह हो जाती है। मौसम में बदलाव प्रकृति का नियम है लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि सूर्य के तेवर तो हमेशा से ही ऐसे रहे हैं लेकिन मनुष्य ने जिस तरह से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अपने जीवन को सहज बनाने के लिए किया है उसी का खामियाजा आज हमें भुगतना पड़ रहा है। इस साल फरवरी में 122 साल बाद इतनी गर्मी पड़ी है। यह भविष्यवाणी तो काफी पहले से ही कर दी गई थी कि इस बार औसत तापमान से 5 डिग्री ज्यादा तापमान रहने वाला है। मुम्बई में तीन दिन पहले एक कार्यक्रम में इकट्ठे हुए लोगों में से 12 लोगों की मौत भीषणघ्गर्मी के चलते ही हुई है। कुछ लोग अभी भी अस्पताल में हैं। गर्मी के प्रकोप के चलते एकाएक अचानक लोग गिरने लगे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि लोग इतनी भयंकर गर्मी को झेल पाने में सक्षम नहीं हैं। प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल–नीनो कहा जाता है। इसकी उपस्थिति पर मौसम का मिजाज निर्भर करता है। प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाता है। इस बार ऐसी ही स्थिति के आसार दिख रहे हैं। अगर इतिहास की बात करें कि किस साल में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ी थी तो इसका स्पष्ट जवाब देना काफी मुश्किल है। वैसे तो हर साल गर्मी के रिकॉर्ड टूटते ही जा रहे हैं। भारत के हिसाब से देखें तो पिछले कुछ सालों में साल 2015 को सबसे गर्म साल माना जाता है। इसके पीछे दावा ये है कि इस साल देश के कई शहरों में तापमान 48 डिग्री तक चला गया था और लू का भारी आक्रमण था। माना जाता है कि दुनिया की सबसे खतरनाक लू में इस वक्त की लू का पांचवां स्थान था। इसके अलावा कई रिपोर्ट में 2010 को सबसे गर्म सालों में से माना जाता है। इसके पीछे दावा ये है कि इस साल करीब 30 दिन दिल्ली में 42 डिग्री पारा रहा था, इसे 1951 के बाद से सबसे गर्म माना जाता है। वहीं 2012 में 30 तक इतना पारा रहा था। इसके अलावा 2019 में 16, 2018 में 19, 2017 में 15, 2014 में 15, 2015 में 18 दिन पारा काफी ज्यादा रहा



था। वहीं कुछ घरिपोर्ट में 2019 को सबसे गर्म साल माना जाता है। दरअसल इस साल राजस्थान के चुरू जैसे इलाकों में 50 से ज्यादा पारा पहुंच गया था। वहीं राजस्थान के कई शहरों में लम्बे समय तक पारा 45 डिग्री तक रहा था। एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अब यह तथ्य प्रमाणित हो चुका है कि 1870 से लेकर आज तक भारतीय समुद्र के औसत तापमान में 1.4 डिग्री की बढ़ौतरी हो चुकी है। समुद्र का तेजी से बढ़ता तापमान और लम्बे समय तक चलने वाली समुद्री लू चलने की वजह से देश के समुद्र तटीय राज्यों में बारिश की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसका सामना कई राज्य कर रहे हैं। सन् 2000 से पहले कोई भी गर्मी की लहर लगभग 50 दिनों के भीतर खत्म हो जाती थी लेकिन अब इसका समय बढ़कर करीब 250 दिन हो चुका है। बीते साल कार्बनडाईआक्साइड उत्सर्जन में दुनिया ने रिकार्ड बनाया है। मैदानी क्षेत्रों में गर्मी की लहर तब आती है जब तापमान 40 डिग्री पार कर जाता है। पर्वतीय इलाकों में जब तापमान 30 डिग्री हो जाता है, रात का तापमान 40 से अधिक हो और तटीय इलाकों में 37 डिग्री से अधिक होता है तब गर्मी की लहर की स्थिति होती है। वर्तमान में उत्तर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। पहाड़ी राज्यों के निचले इलाकों में अधिकतम तापमान वृद्धि की दर 10 से 11 डिग्री दर्ज की गई है। असलियत यह है कि देश के बहुतेरे हिस्से 100 फीसदी तक बारिश के अभाव में सूखे ही रह गए। करीब आठ राज्य दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ेगा। तापमान में यह बढ़ौतरी अल–नीनो की वापसी का नतीजा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो अल–नीनो के तीन साल तक लगातार सक्रिय रहने के कारण दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में तापमान बढ़ौतरी और बारिशघ्के चक्र की पद्धति में असाधारण रूप से बदलाव आया है। जलवायु परिवर्तन एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। इसका समाधान मनुष्य के हाथ में है। मौसम के मिजाज का असर मानव के व्यवहार पर ही पड़ता है। अगर मनुष्य मौसम के तल्ख तेवरों से बचना चाहता है तो उसे विलासिता की वस्तुएं छोड़ कर कार्बनडाईआक्साइड उत्सर्जन को कम करना होगा। उसे प्रकृति के करीब जाना होगा और पेड़ों का संरक्षण करना होगा। मनुष्य प्रकृति प्रेमी बने इससे ही जलवायु परिवर्तन का सामना किया जा सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह भारतीय परम्परागत जीवनशैली को अपनाए और प्रकृति के साथ जीवन जीना सीखे। अगर मनुष्य अब भी नहीं सम्भला तो फिर उसे प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना ही पड़ेगा।

## भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश

**संजीव ठाकुर**

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं। स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंस और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैस स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीस स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था, नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और



अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी, युग का युवा मत देख दाएं बाएं, झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है, देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती, सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ। (यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60: युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।

## बिलकिस मामला, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर सरकारें ध्यान दें

वर्ष 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान मानवता को शर्मसार कर देने वाले बिलकिस बानो कांड के दो दशकों बाद भारत की शीर्ष कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों से जहां एक ओर न्याय मिलने की किरण दिखाई दे रही है, वहीं प्रशासनिक व न्यायिक ताकतों का दुरुपयोग करने वाली व्यवस्था पर जो कहा गया है, उसकी गूंज लम्बे समय तक सुनाई पड़ेगी। इस वीभत्स घटना में तब की 21 वर्षीया बिलकिस के साथ गैंगरेप हुआ था। तब वह गर्भवती थी। परिवार की 2 अन्य महिलाओं के साथ भी दुष्कर्म हुआ था। इतना ही नहीं, परिवार के 7 सदस्यों को मार डाला गया था तथा 6 अन्य आज तक लापता हैं। दाहोद के रंधिकपुरा गांव की रहने वाली बिलकिस बानो और उसके परिवार के सदस्य दंगाइयों के हाथों में पड़ गये थे जब उपद्रव फैलने के बाद वे जान बचाने के लिए छिपते फिर रहे थे। इस जघन्य कांड के 7 दोषियों को आजन्म कारावास की सजा सुनाई गई थी। एक दोषी ने इस आधार पर रिहाई की याचिका लगाई थी कि उन्होंने सजा की अधिकतम अवधि (14 वर्ष) से अधिक का समय कारावास में काट लिया है। अतरू उन्हें मुक्त किया जाये। पंचमहाल कलेक्टर की अगुवाई में एक कमेटी ने सभी को कैद–मुक्त करने की सिफारिश की थी जिसे पहले गुजरात सरकार और बाद में केन्द्र सरकार ने स्वीकार कर लिया था। इस आधार पर पिछले साल 15 अगस्त को उनकी रिहाई की घोषणा हुई थी। वैसे सजा के दौरान करीब 1000 दिन वे अलग–अलग अवधियों में पैरोल पर छूटते भी रहे थे। जब उन्हें रिहा किया गया तो इस फैसले के खिलाफ नवम्बर के महीने में बिलकिस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी मांग है कि अपराध की गम्भीरता को देखते हुए दोषियों को फिर से जेल दाखिल किया जाये। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ एवं बीवी नागरत्ना ने जो टिप्पणियां की हैं, उन्हें नजीर की तरह लिया जाना चाहिये। दोनों न्यायाधीशों ने जानना चाहा है कि दोषियों को किस आधार पर छोड़ा गया है। बचाव पक्ष के वकीलों की तमाम दलीलों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि किसी हत्या के साथ सामूहिक नरसंहार की तुलना वैसी ही है जैसी सेब के साथ संतरे की। यह एक समुदाय और समाज के खिलाफ किया गया जघन्य अपराध है। बेंच ने दोनों सरकारों को 1 मई तक अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही स्पष्ट किया है कि कोर्ट इस मामले में 2 मई को अंतिम फैसला सुनाएगी। फैसला जो भी हो, कोर्ट की टिप्पणियां बेहद महत्त्वपूर्ण हैं जो इस बात की ओर इशारा करती हैं कि गुजरात व केन्द्र की सरकार ने अपराध की गम्भीरता को ख्याल में रखे बिना ही एक समुदाय विशेष का पक्ष लिया है। यह किसी भी सरकार द्वारा की गई न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं कही जा सकती। इस रिहाई से कोर्ट की नाराजगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है–दोषियों को क्यों छोड़ा? आज बिलकिस बानो हैं। कल आप और हम हो सकते हैं। कोर्ट का गुस्सा इस बात से भी झलकता है जिसमें न्यायाधीशों ने कहा कि, 'शक्तियों का इस्तेमाल जनता की भलाई में करें। इनकी रिहाई से आप क्या संदेश दे रहे हैं।' अगर पंक्तियों के बीच के लिखे को पढ़ें तो साफ है कि सुप्रीम कोर्ट की यह बेंच महसूस करती है कि यह निर्णय एकतरफा हुआ है और इसमें एक खास सम्प्रदाय के खिलाफ प्रशासन व कानून की मानसिकता दिखलाई पड़ती है। सामान्यतरू आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्षों की होती है। यह खत्म होने पर बंदी के कारावास के दौरान के व्यवहार और अपराध की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए ही उसे छोड़ने या ताउम्र जेल में ही रखने पर विचार किया जाता है। यह ऐसा जघन्य अपराध है कि राज्य का प्रश्रय प्राप्त न हो तो इसमें संलिप्त अपराधी को छोड़ना सम्भव ही नहीं होता।

# बड़ते अपराध भूपेश सरकार की 5 साल की इकलौती उपलब्धि- संजय श्रीवास्तव

**ब्यूरो चीफ़ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** छत्तीसगड़ प्रदेश भाजपा के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने राजधानी सहित पूरे राज्य में अपराधों का ग्राफ तेजी से बड़ने का हवाला देते हुए कहा है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में अंतिम वर्ष में सरकार की उपलब्धि यह है कि हत्या लूट डकैती महिला उत्पीड़न के मामले तेजी से आगे बड़े हैं। कोई भी सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में सरकार की 5 वर्ष की उपलब्धि बताती है लेकिन छत्तीसगड़ में कांग्रेस सरकार की एकमात्र उपलब्धि यह है कि छत्तीसगड़ अपराध गड़ और भ्रष्टाचार का गड़ बन गया है। भूपेश बघेल ने नवा अपराध गड़, भ्रष्टाचारगड़ गड़ दिया है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड के आंकड़े पुष्टि कर रहे हैं कि कांग्रेस के राज



में अपराध तेजी से बड़े हैं।भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट यह बताती है कि वर्ष 2019- 20 - 21 में अपराध दर जो प्रति वर्ष 100,334.7 थी वह प्रति वर्ष 100, 373.4 हो गई है। कांग्रेस के राज में अपराध के फलने फूलने की कांग्रेस की देन रही है, वह छत्तीसगढ़ में फलीभूत साबित हुई है। छत्तीसगड़ में बड़ते अपराध की जो रिपोर्ट सामने आई है, उसके पीछे नशे का हाथ है। कांग्रेस ने शराबबंदी की घोषणा की थी लेकिन नहीं की।शराब की वजह से सबसे ज्यादा अपराध हो रहे हैं। कांग्रेस का कल्चर हमेशा से यही रहा है। झूठ बोल कर सत्ता में आई और छत्तीसगड़ को नशे की खाई में धकेल दिया। स्थिति यह है कि आज राज्य में चारों ओर चप्पे चप्पे में अपराध का बोलबाला है।

# प्रदेश को खुशहाल बनाना है तो बुलडोजर भी चलाना होगा, तुष्टिकरण की राजनीति भी बंद करनी होगी – बृजमोहन

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के, बयान कि ÷बुलडोजर वाले अब नही चलेंगे÷ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर प्रदेश में और देश में खुशहाली लाना है तो हमको बुलडोजर भी चलाना पड़ेगा और तुष्टिकरण की राजनीति भी बंद करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ जो बदहाली के दौर से गुजर रहा है उसके पीछे कांग्रेस की यही नीति है जिसका परिणाम पूरा प्रदेश भुगत रहा है।बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ आबादी के दृष्टिकोण से देश का 22वे नंबर का राज्य है। परंतु अपराध में यह



टॉप 10पर है। छत्तीसगढ़ आज ऐसा राज्य बन गया है जहां हर तरह के अपराधी, असामाजिक कृत्य हो रहे हैं। गली-गली में शराब बिक रही है, सड़कों पर रोजाना चाकूबाजी हो रही रहे हैं, रेत माफिया, जमीन माफिया, कोल माफिया, ड्रग माफिया सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। हमारी भाजपा सरकार आने पर निश्चित रूप से हम ऐसे अवैध काम करने वालों की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाएंगे।उन्होंने कहा कि यहां पर लगभग 10 हजार पुलिस के पद रिक्त है। जिसके चलते विभिन्न अपराध के मामलों में जांच तो प्रभावित हो ही रहा है, कानून व्यवस्था भी बदतर हो रही है।

# सांसद बघेल ने उठाये मंत्री चौबे पर गंभीर सवाल,बिरनपुर में 14 दिन बाद भी दहशत का माहौल

## हिन्दू युवाओं को किया जा रहा है प्रताड़ित,अब तक नहीं मिली पीड़ित परिवार को रकम और नौकरी

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भाजपा सांसद विजय बघेल ने बिरनपुर में साहू समाज के युवक भुनेश्वर की नृशंस हत्या के मामले में कई पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरनपुर में 14 दिन बाद भी दहशत का माहौल है। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुसार न 10 लाख रुपये मिले और न पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी मिली। मंत्री रविन्द्र चौबे के समर्थक पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। पुलिस हिन्दू समाज के युवाओं को अकारण प्रताड़ित कर रही है। इतने दिन बीत चुके हैं लेकिन अब भी सरकार की राहत घोषणाओं को पूरा नहीं किया गया है। भाजपा पीड़ित परिवार को न्याय और भुनेश्वर की हत्या के सभी आरोपियों को सख्त सजा दिलाने संघर्ष कर




रही है।दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि बिरनपुर में इस वीभत्स घटना को लेकर जो आक्रोश है, वह हमने देखा है। भुनेश्वर के अंतिम संस्कार के समय जनता में भारी आक्रोश था। लोग मांग कर रहे थे कि पहले सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, उसके बाद ही अंतिम संस्कार होगा। हम लोग शासन प्रशासन को अपना काम करने से रोकने वाले लोग नहीं हैं।हम लोगों ने उस वक्त आक्रोशित लोगों को समझाया। पुलिस ने 11 आरोपी गिरफ्तार किए, तब भुनेश्वर का अंतिम संस्कार हुआ लेकिन आज शासन प्रशासन के रवैये से सभी के मन में सवाल हैं कि बिरनपुर जहां माता की शक्ति पीठ है, हिन्दू श्रद्धालु माता के दर्शन करने जाते हैं, वहां इस तरह की नृशंस हत्या की वारदात हुई।सांसद विजय बघेल ने साजा विधायक और राज्य के मंत्री रविन्द्र चौबे की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि बिरनपुर में सालो से भाई चारा से रहने वाले मुस्लिम परिवार के बीच कांग्रेस के 4 सालो में जो नफरत का बीज बोया गया उसकी परिणति में भुनेश्वर साहू जी की हत्या हुई उस पर सरकार की ओर से कोई सांत्वना देने तक नहीं पहुंचा। रविन्द्र चौबे के समर्थकों के अराजक व्यवहार के बारे में चर्चा आम है कि वे मंत्री के संरक्षण में उपद्रव मचा रहे हैं। जनता के मन में जो आशंका है, उसका समाधान सरकार को करना चाहिए। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होना चाहिए। उपद्रवी तत्व की जांच होनी चाहिए कि वे कौन हैं। पीड़ित परिवार को त्वरित राहत, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के 1429 नव निर्मित आवासों का गृहप्रवेश 24 अप्रैल को

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के 4.11 लाख नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम दिनांक 24 अप्रैल 2023 को प्रातः 11÷30 बजे रीवा जिले से किया जायेगा।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में 22.64 करोड़ की राशि से 1887 आवास बनकर पूर्ण हुए हैं। सीईओ जिला पंचायत मनोज कुमार सरियाम ने बताया है कि 22 अक्टूबर 2022 से 21 अप्रैल 2023 तक आवास प्लस व एसईसीसी में कुल 1429 आवासों में पूर्ण किये हैं। इन सभी नव निर्मित आवसों में 24 अप्रैल, सोमवार को गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी आवासों में दीपक जलाकर फीता काटकर, रंगोलियाँ बनाकर गृह प्रवेश कराया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला, जनपद पंचायत अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर टी.व्ही. एल.सी.डी. पर दिखाने की समुचित व्यवस्था की गई है।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ग्वालियर इकाई द्वारा परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया



पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर** / प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2023 दिन शनिवार भगवान श्री परशुराम जी की जन्म उत्सव के उपलक्ष पर 9÷00 से देव महाराज परिसर कोटेश्वर मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया व भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त जिले के पदाधिकारी एवं संभाग व प्रदेश के पदाधिकारी एवं धर्म प्रेमी बंधु मौजूद रहे व समस्त पदाधिकारियों ने भंडारा ग्रहण किया एवं कोटेश्वर मंदिर के पास देव महाराज परिसर के बाहर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं संभागीय महासचिव पंडित गजेंद्र मिश्रा जिला प्रभारी ग्वालियर पंडित जगदीश बाजपेई एवं पदाधिकारी अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं संगठन के समस्त अधिकारी द्वारा भव्य आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया

# सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ ग्वालियर मध्य प्रदेश की बैठक का आयोजन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। दिनाँक 19 मार्च 2023 को मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा दौलतगंज ग्वालियर में किया गया ,बैठक में सर्वश्री रघुनाथ प्रसाद त्यागी सेवानिवृत्त सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री रविंद्र त्रिपाठी वरिष्ठ कर्मचारी नेता श्री के एन शर्मा सेवानिवृत्त आर आई श्री श्री राम गोयल मार्गदर्शक पेंशनर महासंघ मंचासीन रहे , मंचासीन अतिथियों ने बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया ,संघ के महासचिव श्री केसी शर्मा ने अपने उद्बोधन में जानकारी देते हुए बताया की सिंगल व्यक्ति द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में छठवें वेतनमान के 32 माह के महंगाई राहत एरियर एवं सातवें वेतनमान के 27 माह के महंगाई राहत एरियर के भुगतान बाबत रिट दायर की गई थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने निर्णय दिया कि संबंधित को तत्काल भुगतान कराया जाए एवं विलंब के लिए राशि का 6त्न ब्याज का भुगतान भी किया जाए ,संघ द्वारा इस निर्णय के आदेश की प्रति शासन को इस आशय से भेजी गई की सभी पेंशनरों को उपरोक्त आदेशानुसार लाभ दिया जाए किंतु शासन द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया



है इसी संदर्भ में 21 मार्च 23 को नर्मदा पुरम में साधारण सभा की बैठक में सभी पेंशनरों को महंगाई राहत के एरियर के भुगतान बाबत रिट दायर करने का निर्णय लिया गया, तत्पश्चात श्री श्रीराम गोयल मार्गदर्शक द्वारा महासंघ की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय बैठक में लिया गया , 6 सूत्रीय मांगें निम्न अनुसार हैं 1-मध्य प्रदेश /छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी /कर्मचारियों के महंगाई भत्ता देने के लिए धारा 49 की समाप्ति और लंबित मेहगाई राहत तत्काल दिए जाने की घोषणा मध्यप्रदेश शासन करें 2-सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी की पेंशन आयकर मुक्त की जाए 3- मध्यप्रदेश शासन की समय-समय पर लागू योजना के क्रियान्वयन में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी को उनकी सहमति पर निश्चित मानदेय प्रदान कर कार्य लिया जाए ताकि नियमित अधिकारी कर्मचारी का मूल कार्य प्रभावित ना हो व आम जन के कार्य समय पर पूर्ण हो सके,

4-सभी सेवानिवृत्त को पूर्व की भांति रेल किराए में 50त्न रियायत दी जाए

5 -सभी सेवानिवृत्त को निशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाए,

6-सभी सेवानिवृत्त को पूर्व की भांति पेंशन योजना लागू की जाए, बैठक में श्री आर पी शर्मा मीडिया प्रभारी एवं श्री ए के सरकार ने संगठन के महत्व पर अपना उद्बोधन दियाबैठक में शासन द्वारा पेंशनरों को लंबित महंगाई राहत ना दिए जाने से सभी ने असंतोष जाहिर करते हुए जमीनी स्तर से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया, बैठक में मार्गदर्शन मंडल के श्री श्री श्रीराम गोयल, श्री के पी शुक्ला, श्री ए के सरकार ,श्री सी पी श्रीवास्तव, श्री राम कुमार गुप्ता ,श्री देव सिंह कुशवाह, श्री अशोक सक्सेना, श्री राजेंद्र बिसारिया, श्री विष्णु स्वरूप शर्मा, श्री एस सी मुड़िया ,श्री के एन शर्मा, श्री कमल किशोर जाटव, श्री आदित्य कुमार ,श्री अनिल कुमार सक्सेना, श्री मायाराम अंबे, श्री सीताराम शर्मा, श्री एन के गोयल, श्री पी सी निरंजन, श्री एस बी द्विवेदी, श्री बाबूराम शर्मा, श्री राम लखन शर्मा ,श्री रामेश्वर शर्मा, श्री दिनेश मिश्रा, श्री आदित्य कुमार, श्री एम एल गुप्ता, श्री रविंद्र त्रिपाठी, श्री मुकेश खंडेलवाल, श्री चमन सिंह, श्री हरि प्रकाश श्रीवास्तव, श्री रवि भार्गव , श्री रामनिवास शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भगवान श्री परशुरामजी के चल समारोह में विप्र बन्धुओं ने लिया बड़चड़ कर भाग

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भगवान श्री परशुरामजी के चल समारोह में विप्र बन्धुओं ने



हजारों की संख्या में बड़चड़ कर भाग लिया।

बड़ हनुमानजी मंदिर अटेर रोड से चल समारोह प्रारंभ हुआ जिसमें हजारों की संख्या में विप्र बन्धुओं ने लिया साथ ही अन्य समाज के समाजसेवी भी शामिल हुए। चल समारोह के स्वागत करने के लिए बाजार में समाजसेवियों ने जगह जगह नाश्ता एवं शरबत के स्टॉल लगाकर चल समारोह में शामिल लोगों का स्वागत किया।

चल समारोह के स्वागत के लिए परेड चौराहा के पास सदर बाजार सहकारी बैंक के सामने स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी मुकुल मिश्रा, भूरे तिवारी, सोनू पचौरी, रामनिवास श्रीवास्तव, पंकज त्रिपाठी, सोनू श्रीवास्तव, सजल मिश्रा, हरिशंकर शर्मा कल्लू ,अरविंद शर्मा,वेदांशु त्रिपाठी ( यश ),रिंकू तिवारी, राजेश भदौरिया, मुन्ना शर्मा, सतीश तिवारी, सौरभ शुक्ला, राजेश चौधरी,अजय जैन, पारस मिश्रा, मनोज चौधरी, वीरेश चौधरी सहित सैकड़ों विप्र बंधु मौजूद रहे ।

# सेन्ट्रल इंडिया ऐकेडमी हायर सेकण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

**लांजी** – सेन्ट्रल इंडिया ऐकेडमी हायर सेकण्डरी स्कूल लांजी का कक्षा एल के जी से ग्यारहवी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य हेमंत बनकर द्वारा दीप प्रज्जचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या मिश्र द्वारा किया गया । सत्र 2022- 23 का परीक्षा परीणाम 20 अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें नगर के विद्यालय सेन्ट्रल इंडिया ऐकेडमी हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह सराहनीय रहा। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से कक्षा नर्सरी मे प्रथम लक्षित बोपले कक्षा एल.के.जी वर्ग ए से प्रथम ,दिक्षांत केकटे द्वितीय, मोक्षिता बोपले तृतीय, हरसानी उइके ,दिव्यानी महेश्वरी प्रथम, थीरा मानकर द्वितीय ,कनक मोहबिया तृतीय ,लक्ष्य पीपरे कक्षा यूकेजी वर्ग ए से प्रथम, तेजल बडमें द्वितीय ,माहिरा खान, राव्या आमाडारे तृतीय, गगन घोरमारे प्रथम ,जयूस बनोटे द्वितीय ,रिद्धी बैस तृतीय, आरोही पशीने कक्षा पहली प्रथम, सृष्टि श्रीवास द्वितीय, भावेश टिकेश्वर तृतीय, कक्षा दूसरी वर्ग ए प्रथम राषी भार्गव प्रथम, द्वितीय अक्षत चंद्रिकापुरे तृतीय, पूर्वी डोंगरे बागडे द्वितीय, श्रेयांशी पसीने तृतीय ,का?यांजल घरते, मोनाली महोबिया द्वितीय, होमेश कटरे तृतीय, आकांक्षी




मातरे, कक्षा तीसरी वर्ग ए अनुष्का पाण्डे,अफसा मिर्जा,द्वितीय भावी बारसागडे तृतीय ,आस?था पांचे प्रथम, प्रिया समरिते द्वितीय , पूर्वी बागडे तृतीय, गुंजन सोमनकर प्रथम, आरोही किरनापुरे द्वितीय , अलवीन रामटेके तृतीय, रोशनी लटारे, पंखुडी बैस, कक्षा चौथी वर्ग ए प्रथम अलसीफा खान, हुमेरा शेख द्वितीय , मोक्षी इन्जरावते ,रेणुका खरगाल ,आदिती बोरकर द्वितीय, सिद्धी ठाकरे तृतीय, सृजल ठाकरे प्रथम, सिखा सोनटेके द्वितीय, आतिफ हुसैन तृतीय , रूची ठोमरे कक्षा चौथी हिंदी माध्यम प्रथम, नव्या सातपुते द्वितीय, नैतिक किरमे तृतीय, दिक्षांत कोठारे कक्षा छटवी हिन्दी माध्यम प्रथम, कार्तिक किरमे द्वितीय ,आरूसी नेवारे तृतीय ,संजना सत्कार प्रथम ,कक्षा छटवी अंग्रेजी माध्यम वर्ग ए प्रथम, पल्लवी दुबे द्वितीय, याचना मेश्राम तृतीय, मीताली दौने प्रथम, मोहित वानखेडे द्वितीय, अलीसबा खान, दिपांषी बोरकर तृतीय ,द्रौन कावडे कक्षा सातवी हिन्दी माध्यम प्रथम ,पूजा बापुरे द्वितीय, प्रिया बापुरे तृतीय ,भाग्यश्री बिलगौर कक्षा सातवी अंग्रेजी माध्यम प्रथम , दृष्टि ठोमरे द्वितीय, स्वींजल खोंगल तृतीय, देवांष शुक्ला प्रथम, वृश्टि नागेश्वर द्वितीय ,प्रज्जवल मिश्रा तृतीय, प्रतीक बडगैया कक्षा नवमी हिन्दी प्रथम, काव्य पंचाले द्वितीय, आसमा खान तृतीय सिन्धु मतारे कक्षा नवमी अंग्रेजी माध्यम प्रथम, प्रिया नारनौरे द्वितीय, सुमेधा आसटकर तृतीय, विधी विजयवार कक्षा ग्यारहवी प्रथम, किंजल राय द्वितीय, गुणवंती आसटकर तृतीय ,रितु बडमें । इस प्रकार सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल सराहनीय रहा।संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐ एस राकडे,एम.वैशणव,पी.येरपंडे,बी.सोमनकर,एम.दूबे,राम टेक्रर,एस.लटारे,एस.वरोडा,सामटेक्रर,एस.आसटकर,एम.खोब्रागडे,एस.गोस्वामी,एच.खान,डी.मेश्राम,आई.कचवाहे,एल.सोनवाने,पी.सोनवाने,पी.लाडे,वाय.खान,अार.वासनिक,डी.वासनिक,आर सहारे,वी कश्यप,बी.चौरसिया,पी.मोरघडे,एस.राउत,बारसागडे मैम,एन.खरोले, एन अली,एस.लिल्हारे,एस,मिर्जा,आर वल्थरे,जी.मातरे,बी.नरताम,एम बडमे,इस्तेआक खान का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय की समिति अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समिति सचिव श्रीमती मीरा बनकर के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के अंत में शाला प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य पर अग्रसित होने के लिए सतत मेहनत व धैर्यता बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

## पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब का परिवहन करने वाले 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

# ए.टी.एम. कार्ड बदलकर पैसा निकालने की वारदातो को भी अंजाम दे चुका है गिरफ्तार आरोपी

**संभागीय गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

आरोपी के कब्जे से ए.टी.एम. कार्ड, 07 पेटी अवैध शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल वाहन जप्त पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर आरोपी के कब्जे से कब्जे से




देसी प्लेन मदिरा शराब की 7 पेटी कुल 63 लीटर कीमती करीब 19250 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त उपरोक्त मोटर साइकिल कीमती करीब 20 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 39250 रूपये का जप्त किया गया है । आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के मेमोरेण्डम कथन लिये गये जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी से अन्य अपराधों एवं वारदातो के संबंध में पूँछताछ की गई तो उक्त आरोपी द्वारा पुलिस टीम को बताया गया है कि आरोपी द्वारा पूर्व मे रैपुरा एवं अन्य जगहो पर लगे ए.टी.एम. बूथो में भोलभाले एवं जानकारी न रखने वाले लोगो से पैसे निकलवाने में मदद करने के बहाने से ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उनके बैंक खातो से पैसे आहरित कर लेता था । आरोपी द्वारा उक्त जानकारी पुलिस टीम को बताये जाने के उपरान्त मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा थाना प्रभारी रैपुरा उनि सुधीर बैगी एवं थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि शक्ति पाण्डेय को मामले की तफतीश एवं सत्यापित जानकारी एकत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर एवं थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा मामले में आरोपी द्वारा बताई गई घटना की पडताल की गई जो घटना सही पाई गई । आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में धोखाधडी कर एटीएम कार्ड बदलने का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है । आरोपी से पूँछताछ पर अन्य मामलो के खुलासा होने की प्रबल संभावनाये हैं ।उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि सुधीर बैगी, थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरीक्षक घनश्याम मिश्रा, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि शक्ति पाण्डेय, उप निरीक्षक प्रज्ञा परौहा, संतोष मसराम ,सहायक उप निरीक्षक भैयामन सिंह, प्र.आर. संदीप सिंह, धीरेन्द्र सिंह, आरक्षक आशुतोष तिवारी, महेश विश्वकर्मा, अनिल बघेल, नितेश असाटी, महिला आरक्षक रश्मि गौर, एवं साइबर सेल टीम पन्ना से प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आरक्षक आशीष अवस्थी, धर्मेंद्र राजावत, राहुल पांडे का विशेष योगदान रहा है । उक्त संपूर्ण पुलिस टीम की पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा प्रशंसा की गई है ।



आई पी एल में 556 दिन बाद कोहली बने कप्तान

# 2 सेकेंड बाकी रहते रिव्यू लिया, सफलता मिली; 4 विकेट लेने वाले सिराज का रोनाल्डो सेलिब्रेशन

**मोहाली।** पंजाब के हरप्रीत बरार ने लगातार गेंदों में ऋष्टक्क के 2 टॉप प्लेयर कोहली और ग्लेन मैक्सवेल को पवेलियन भेजा। नो-बॉल फेंकने के बाद सैम करन ने फाफ डु प्लेसिस से माफी मांगी और प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद सिराज ने डायरेक्ट हिट से विकेट लेने के बाद फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अंदाज में सेलिब्रेशन किया। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे। विराट कोहली ने 556 दिन (करीब 18 महीने) बाद फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी की। टीम के रेगुलर कप्तान फाफ डु प्लेसिस इंजरी के कारण इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग ही कर सके। उनकी जगह कोहली ने टीम की कप्तानी की। कोहली ने टॉस हारा, जिस कारण बेंगलुरु ने पहले बैटिंग की। उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर डु प्लेसिस के साथ पहले विकेट के लिए 137 रन की पार्टनरशिप की। कोहली ने पहली पारी में फिफ्टी लगाई। फिर दूसरी पारी में कप्तानी करते हुए टीम को 24 रन से जीत दिलाई। कोहली की कप्तानी में ऋष्टक्क ने चयक्र के खिलाफ अक्टूबर 2021 में आखिरी मैच खेला था, प्लेऑफ के इस मुकाबले में टीम को हार मिली थी। पहली पारी के 16वें ओवर में सैम



करन ने पहली बॉल खतरनाक बीमर फेंकी। अंपायर ने इस हाई फुल टॉस को नो-बॉल करार दिया। करन बॉल फेंकने के बाद बैटर फाफ डु प्लेसिस से माफी मांगने पहुंचे। इस दौरान नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े विराट कोहली मजाकिया अंदाज में करन को चेतावनी देते नजर आए। 16वें ओवर में सैम करन ने फाफ डु प्लेसिस को बाउंसर फेंकी। बॉल बैट से लगकर हवा में खड़ी हो कर विकेट के पीछे चली गई, यहां कीपर जितेश शर्मा ने आसान कैच छोड़ दिया। डु प्लेसिस इस वक्त 69 रन के स्कोर पर बैटिंग कर रहे थे। वह 84 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब किंग्स के हरप्रीत बरार ने मैच में विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल को 2 लगातार गेंदों पर चलता किया। उन्होंने 17वें ओवर की पहली बॉल कोहली को फुलर लेंथ फेंकी। कोहली पैडल स्वीप करने गए, लेकिन विकेटकीपर जितेश शर्मा ने लेग साइड की ओर भागते हुए शानदार कैच पकड़ लिया। अगली ही गेंद पर मैक्सवेल ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। लेकिन 30-यार्ड सर्कल में कवर्स पर खड़े अथर्व तायड़े ने शानदार कैच कर लिया। इस तरह बरार ने 2 गेंदों में ऋष्टक्क के 2 बड़े विकेट लिए। वह इससे पहले भी कोहली और एबी डिविलियर्स को भी लगातार गेंदों में आउट कर चुके हैं। विराट कोहली ने दूसरी पारी में 2 सफल रिव्यू लिए। दोनों ही बार मोहम्मद सिराज को विकेट मिले। पावरप्ले में पहले ओवर की दूसरी ही बॉल सिराज ने अथर्व तायड़े के पैड पर मारी। इस पर कोहली ने रिव्यू लिया और सिराज को विकेट मिला। चौथे ओवर की दूसरी बॉल सिराज ने लियाम लिविंगस्टोन को पैड पर गेंद मारी। अंपायर ने स्लब्ध की अपील नकारी। कोहली ने दिनेश कार्तिक और सिराज से डिस्कशन के बाद रिव्यू लिया। रिव्यू लेने में महज 2 सेकेंड बाकी थे।

एपल सीईओ टिम कुक ने दिल्ली-कोलकाता का मैच देखा

# शेफाली वर्मा ने कराया टॉस, पहली गेंद पर आउट हुआ इम्पैक्ट प्लेयर

**दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्रक्क) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी ओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स पर 4 विकेट से जीत दर्ज की। दिल्ली के स्पिन विकेट पर लगभग हर ओवर में मुकाबला एक से दूसरी टीम के पक्ष में जा रहा था। आखिरी ओवर में दिल्ली को 7 रन चाहिए थे, कुलवंत खेजरोलिया ने नो-बॉल फेंकी और अक्षर पटेल ने 2 ही गेंद में टारगेट हासिल कर लिया। मैच में 5 खिलाड़ियों ने इस सीजन में पहला मैच खेला, दोनों टीमों ने कुल 6 बदलाव किए। एपल के



ष्टश्वह्र टिम कुक, बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपुर और शाहरुख खान की बेटी सुहाना मैच देखने पहुंचीं।

टॉस के दौरान दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा मौजूद रहीं और कोलकाता के इम्पैक्ट प्लेयर बैटिंग में एक ही गेंद टिक सके। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे। दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा टॉस के दौरान मौजूद रहीं। कुछ दिनों पहले मुंबई इंडियंस ने भी महिला टीम की खिलाड़ियों की जर्सी पहनी थी। उस दौरान महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों के साथ मौजूद रही थीं। कोलकाता नाइट राइडर्स टीम ने अपनी टीम में 4 और दिल्ली कैपिटल्स ने 2 बदलाव किए। दोनों टीमों ने कुल 6 बदलाव किए। इनमें भी 5 खिलाड़ियों ने इस सीजन में अपना पहला मैच खेला और 2 प्लेयर्स ने ढ्रक्क डेब्यू किया। दिल्ली से फिल सॉल्ट और कोलकाता से लिट्टन दास ने ढ्रक्क डेब्यू किया। वहीं कोलकाता के जेसन रॉय, कुलवंत खेजरोलिया और दिल्ली के ईशांत शर्मा ने इस सीजन में पहला ही मैच खेला। कोलकाता ने मंदीप सिंह के रूप में अपनी टीम में चौथा बदलाव किया था। एपल के ष्टश्वह्र टिम कुक इन दिनों भारत में एपल के पहले स्टोर को लॉन्च करने के लिए पहुंचे हुए हैं।

## कलेक्टर डॉ मिश्रा के आदेश पर दर्ज संख्या बढ़ाने बीआरसी श्री उके ने शिक्षकों और ग्रामीणों के साथ संपन्न की बैठक



पुष्पांजली टुडे बालाघाट

सरकारी स्कूलों में बच्चों की हर साल घटती संख्या पर शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन चिंतित है। और इसको लेकर बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के द्वारा जिले के सभी 10 विकासखण्डों की 55 शालाओं में 10 से कम नामांकन पाएं जाने पर चिंता जताते हुए संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।इसी कड़ी में विकासखण्ड लांजी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला महाजनटोला टेडवा में शाला की दर्ज संख्या ब?ाने हेतु श्यामलाल बेदरे जनपद सदस्य , शिवेंद्र उके बीआरसी लांजी, एल के मडामें सीएसी, सरिता घोरमारे प्रधानपाठक, शिक्षक महेंद्र बिसेन, शिक्षक योगीदास मेश्राम एवं समस्त शिक्षको के द्वारा ग्राम में संपर्क अभियान किया गया तथा ग्राम के महादेव मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीआरसी श्री शिवेंद्र उके ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों का पलायन रोकने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, एसएसए और राष्टीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अनुसार प्लान तैयार किया गया है, ताकि बच्चें सरकारी स्कूलों में ही पढ़ें। योजना को सफल बनाने के लिए पालकों की भी सहायता ली जा रही है।सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ शासन की ओर से निशुल्क किताबों से लेकर खाना, गणवेश एवं साइकिल सहित अन्य सुविधाएं मिलती है। बावजूद इसके अभिभावक अपने बच्चों को अन्य स्कूलों में ही पढ़ाने को प्राथमिक्ता दे रहें है। ऐसे में धिरे धिरे स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों एवं पालकों ने अपने बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला महाजनटोला में दर्ज करने की सहमति दी।

# गायकवाड-कॉन्वे की जोड़ी फॉर्म में, हैरी ब्रूक दिला सकते हैं पॉइंट्स

**चन्नइ।** आगे स्टोरी में हम इस मैच की फैंटेसी-11 के टॉप खिलाड़ियों के बारे में जानेंगे। उनका ढ्रक्क रिकॉर्ड और पिछले प्रदर्शन पर भी नजर डालेंगे, जिन्हें आप अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं। हेनरिक क्लासेन को विकेटकीपर के तौर पर लिया जा सकता है। क्लासेन ने 3 मैचों में 236.36 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। उनका औसत 50 से ऊपर का है। मुंबई के खिलाफ खेले पिछले मैच में 225 की स्ट्राइक रेट से उन्होंने 16 गेंदों में 36 रन बनाए थे। बैटर्स में डेवोन कॉन्वे, ऋतुराज गायकवाड, राहुल त्रिपाठी और हैरी ब्रूक को लिया जा सकता है। कॉन्वे ने इस




सीजन के 5 मैचों में 35 से ज्यादा की औसत से 181 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 146.78 से ज्यादा का है। गायकवाड ने इस सीजन के 5 मैचों में 50 की औसत से 200 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 150 का है। वह दो हाफ सेंचुरी भी जमा चुके हैं। ब्रूक ने इस सीजन के खेले पांच मैचों में 34 की औसत से 138 रन बनाए हैं। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 55 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए थे। ब्रूक का यह पहला ढ्रक्क सीजन है। त्रिपाठी ने अब तक खेले पांच मैचों में 31 की औसत से 124 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ नाबाद 74 रन की पारी खेली थी। वहीं अब तक एक हाफ सेंचुरी भी जमा चुके हैं। जडेजा शानदार ऑलराउंडर हैं। इस सीजन में खेले 5 मैचों में 125.81 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है।

5 हार के बाद दिल्ली ने चखा जीत का स्वाद

# घर में कोलकाता को 4 विकेट से हराया, वॉर्नर के बाद पांडेय-अक्षर ने खेली अहम पारियां

**दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 127 रन बनाए। जवाब में दिल्ली के बल्लेबाजों ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। ईशांत शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने चार ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। इस लो-स्कोरिंग, लेकिन रोमांचक मुकाबले में कोलकाता की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसन रॉय ने 39 बॉल पर 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। आखिरी ओवर्स ने आंद्रे रसेल ने 31 बॉल पर नाबाद 38 रन बनाते हुए टीम को 127 रन तक पहुंचाया। उन्होंने 20वें ओवर में मुकेश की बॉल पर लगातार



तीन छक्के जड़े। शेष कोई बल्लेबाज दिल्ली के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। दिल्ली के लिए ईशांत शर्मा, एनरिक नोर्त्या, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में कप्तान डेविड वॉर्नर (57 रन) और पृथ्वी शॉ ने दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन यह जोड़ी ज्यादा रन बटोर नहीं सकी और पृथ्वी शॉ 11 बॉल पर 13 रन बनाकर आउट हो गए। पृथ्वी के आउट होने के बाद कोलकाता के स्पिनर्स ने अपनी टीम लगातार विकेट लेकर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा, हालांकि वॉर्नर एक छोर से टिक रहे और अपना अर्धशतक पूरा किया। बीच में वरुण चक्रवर्ती ने वॉर्नर को आउट कर मैच रोमांचक बना दिया। फिर बाद में स्लॉग ओवर्स में अक्षर पटेल ने 22 बॉल पर 19 रन बनाते हुए टीम की नैया पार लगाई।

# चेन्नई के पास टेबल टॉपर बनने का मौका; जानें पॉसिबल प्लेइंग इलेवन

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्रक्क 2023) में आज सीजन का 29वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शाम 7=30 बजे से होगा। चेन्नई को अब तक 5 मैच में 3 जीत और 2 हार मिली है। वहीं, हैदराबाद 5 में से 2 मैच जीते हैं। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों का हेड टु हेड रिकॉर्ड, टॉप प्लेयर्स, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन, पॉसिबल प्लेइंग-11 और इम्पैक्ट प्लेयर्स जानेंगे। अब तक खेले 5 मुकाबलों में चेन्नई को 2 मैच में हार और 3 मैच में जीत मिली है। चेन्नई टेबल में राजस्थान और लखनऊ से नीचे 6 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। अगर चेन्नई ज्यादा मार्जिन से मैच जीत जाता है तो वह 8 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर आ जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद 5 में से 2 मुकाबले जीता है। उसे पहली जीत पंजाब और दूसरी जीत कोलकाता के खिलाफ मिली। वहीं, राजस्थान, लखनऊ और मुंबई के खिलाफ हार मिली। इस सीजन में हैदराबाद बड़ी साझेदारी करने में फेल रही है। ढ्रक्क में अब तक दोनों टीमें 19 बार भिड़ी हैं। इनमें चेन्नई 14 जीता और हैदराबाद को 5 में जीत मिली। अब तक चेपॉक में दो गेम हाई स्कोरिंग रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की थी। इस मैच में भी ऐसा ही हो सकता है। पिछले पांच टी 20 मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 160 रन से अधिक रहा है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना पसंद करेगी।

पूर्व रणजी खिलाड़ी प्रवीण हिंगणीकर की कार का एक्सीडेंट

# हिंगणीकर गंभीर रूप से घायल, पत्नी की मौके पर ही मौत

पूर्व रणजी खिलाड़ी प्रवीण हिंगणीकर की कार का मंगलवार को बड़ा एक्सीडेंट हो गया। बता दें कार हादसे में प्रवीण हिंगणीकर गंभीर रुप से घायल हो गए हैं, वहीं उनके पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हुआ। प्रवीण हिंगणीकर की कार एक ट्रक से जा टकराई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ट्रक गांव के पास हाईवे के किनारे खड़ा था,



तभी कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। यह दुर्घटना मेहकर परिसर के कल्याणा गांव में हुई। पूर्व रणजी खिलाड़ी और पूर्व विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के पिच क्यूरेटर प्रवीण (65) और उनकी पत्नी पुणे से नागपुर लौट रहे थे। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में क्यूरेटर के रूप में काम कर रहें हैं। घायल हिंगणीकर को इलाज के लिए मेहकर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंगणीकर ने 52 फर्स्ट क्लास मैचों में 2805 रन बनाए हैं। इस दौरान 47 विकेट भी लिए। वहीं 17 लिस्ट ए मैचों में 390 रन बनाए और सात विकेट झटके हैं। टीम इंडिया के ऋषभ पंत भी हाल ही में एक कार हादसे का शिकार हुए थे। ऋषभ इस हादसे में बूरी तरह से घायल हो गए थे। पिछले साल दिसंबर में हुए इस कार हादसे के बाद से पंत अभी तक क्रिकेट के मैदान पर नहीं लौट सके हैं। पंत कब तक पूरी तरह से फिट हो सकेंगे यह कह पाना बेहद मुश्किल है। इस होने वाले वर्ल्ड कप तक भी उनका लौट पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

8 आई पी एल स्टार खटखटा रहे टीम इंडिया का दरवाज

# रिंकू अब रसेल से बेहतर फिनिशर, बटलर को टक्कर दे रहे यशस्वी जायसवाल

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्रक्क) के 16वें सीजन के 26 मैच खेले जा चुके हैं। इस सीजन की अब तक की खासियत रही है- भारत के युवा सितारों का शानदार प्रदर्शन। इन सितारों ने अपने दमदार प्रदर्शन से ञ्ज20ढ्ढ में टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी भी ठोंक दी है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जिन्हें भारतीय टीम में दो-चार मौके मिले भी, लेकिन फिर जल्द ही बाहर कर दिए गए, जबकि कुछ खिलाड़ी अब तक भारत के लिए नहीं खेले हैं। इस सीजन के 13वें मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स को रोमांचक जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं। रिंकू यूपी के लिए खेलते हैं। रिंकू सिंह ने गुजरात के खिलाफ आखिरी ओवर में लगातार पांच गेंदों पर 5 छक्के जड़े और कोलकाता को जीत दिलाई थी। उन्होंने मैच में 21 गेंदों पर 48 रन ठोंककर नाबाद पारी खेली। विस्?फोटक बैटर होने के चलते रिंकू को साल 2013 में उत्तर प्रदेश की अंडर-16 टीम में जगह दी गई थी। बाद में वो अपने स्?टेट की अंडर-19 टीम का भी हिस्?सा बने। विजय हजारे ट्रॉफी 2018 में वो त्रिपुरा के खिलाफ 44 गेंदों पर 91 रन ठोंककर चर्चा में आए। रिंकू ने ढ्रक्क डेब्यू 2018 में किया था। इस साल उन्हें चयक्र ने 55 लाख में टीम में शामिल किया। रिंकू की 5 मैचों में 1 अर्धशतकीय पारी देखने को मिल चुकी हैं। वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को चयक्र का बेस्ट फिनिशर माना जाता है, लेकिन रिंकू ने इस सीजन में रसेल को फीका साबित कर दिया है। 21 साल के यशस्वी




जायसवाल का ढ्रक्क के इस सीजन में अभी तक काफी शानदार फॉर्म देखने को मिला है। 6 मैचों में उनकी 2 अर्धशतकीय पारियां देखने को मिल चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले यशस्वी का अब तक का ढ्रक्क करियर काफी प्रभावित करने वाला रहा है। यशस्वी ने साल 2020 में ढ्रक्क में डेब्यू किया था। यशस्वी मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। यशस्वी भारतीय घरेलू क्रिकेट में पहले ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक ही सीजन में दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया है। यशस्वी ने इस साल घरेलू सीजन की शुरुआत में दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते हुए दोहरा शतक लगाया था। वह लिस्ट ए में दोहरा शतक बनाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के क्रिकेटर हैं। इस साल राजस्थान ने उन्हें 4 करोड़ में टीम में शामिल किया। तिलक वर्मा का इस सीजन में भी शानदार प्रदर्शन जारी है। हैदराबाद के तिलक ने पिछले साल ढ्रक्क डेब्यू किया था। 20 साल के खिलाड़ी को ढ्रक्क 2022 में सभी 14 मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 36.09 की औसत से 397 रन बनाए थे। तिलक को मुंबई की टीम ने 1.70 करोड़ में टीम में शामिल किया। तिलक ने साल 2018-19 के सीजन में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। इसी साल वह हैदराबाद की ओर से ही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेले और अगले विजय हजारे में भी डेब्यू किया। 21 साल के साई सुदर्शन को इस सीजन में चोटिल केन विलियमसन की जगह टीम में खेलने का मौका मिला। इन्होंने पिछले साल ढ्रक्क में डेब्यू किया था। तब पांच मैचों में 145 रन बनाए थे। साई सुदर्शन के लिए इस साल का डोमेस्टिक सीजन शानदार रहा था। ये तमिलनाडु की टीम से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। साई बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के साथ ही बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। इनका जन्म तमिलनाडु के चेन्नई में हुआ था। इन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में तीन शतक और रणजी ट्रॉफी में एक शतक जड़ा है। इनमें से एक डेब्यू पर था। ढ्रक्क में गुजरात ने साई को बेस प्राइस 20 लाख में खरीदा। सुदर्शन को स्पोर्ट्स विरासत में मिला है। उनकी मां उषा भारद्वाज राज्य स्तर की वॉलीबॉल प्लेयर रही हैं। टीम इंडिया से बाहर चल रहे रवि बिश्नोई का ढ्रक्क में इस सीजन में प्रदर्शन अभी तक काफी शानदार रहा है। बिश्नोई इस सीजन में लखनऊ के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। इस खिलाड़ी ने पिछले साल ढ्रक्क के दम पर ही टीम इंडिया में जगह बनाई थी, लेकिन हाल के समय में ये टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

# अबीर का सच जानते ही अभि होगा इमोशनल, अभिनव की वजह से सच्चाई आई सामने

अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिमन्यु को अबीर का सच पता चल जाएगा जिसे जाते ही अभिमन्यु कुछ वक्त के लिए सदमें में चला जाएगा, बीते एपिसोड में देखने को मिला था कि अबीर अभिमन्यु को एक लेटर लिखता है जिसमें वह लिखता है कि मैं अपने डॉक मैन को देखकर काफी



ज्यादा खुश हो जाता हूं. मुझे उनके साथ रहना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। वहीं दूसरी तरफ ये देखने को मिलेगा कि मंजरी अभिमन्यु को समझाती है कि वह जितना अबीर के लिए कर सकता था उतना उसने किया है, अब आगे उसकी जिम्मेदारी लेकर परेशान न हो। बीते एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अभिनव कहता अभिमन्यु से कि उसे अफसोस है कि वह एक पिता को उसके बेटे से दूर कर रहा है. अभिमन्यु को जैसे यह बात याद आएगी वह तुरंत अस्पताल की तरफ जाएगा जहां जाने के बाद से उसे समझ में आ जाएगा कि अबीर उसका ही बेटा है. उसे यकिन हो जाता है कि अबीर उसका ही बेटा है।

# जानिए कौन है वह मशहूर डिजाइनर जिस का लहंगा शादी में पहनेंगी परिणीति चोपड़ा



एक्ट्रेस परिणीती चोपड़ा इन दिनों अपने पर्सनल लाइफ को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में हैं. आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा के साथ शादी को लेकर काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। इसी बीच परिणीती चोपड़ा मनीष मल्होत्रा के घर नजर आई, जहां उन्हें देखने के बाद से लगातार इस बात की चर्चा हो रही है कि परिणीती अपने शादी के लहंगे को फाइनल करने के लिए गई हैं. परिणीती की यह फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। बता दें कि वायरल हो रही तस्वीर में परिणीती चोपड़ा एकदम अलग अंदाज में नजर आ रही हैं. बता दें कि परिणीती चोपड़ा के सादगी भरे अंदाज से सभी फैंस फिदा हो गए हैं. बता दें कि वायरल हो रही तस्वीर में परिणीती की एक क्यूट सी तस्वीर लोगों को अपनी तरफ खींच रही है। बता दें कि परिणीती चोपड़ा वायरल हो रही तस्वीर में एक किलर पोज देती नजर आ रही हैं, परिणीती काफी ज्यादा हसीन लग रही हैं, उनकी यह तस्वीर लोगों को खूब पसंद आ रही है। परिणीती को देखने के बाद साफ हो रहा है कि परिणीती के चेहरे पर शादी का ग्लो नजर आ रहा है. इसके साथ ही परिणीती ने अपने हाथ में एक खूबसूरत सा बैग लिया हुआ है।

# नुपूर सेनन का रवि तेजा के साथ तेलुगू में डेब्यू, पैन इंडिया 20 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी




कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के साथ तेलुगू फिल्म उद्योग में कदम रखने जा रही हैं। रवि तेजा की यह फिल्म पैन इंडिया प्रदर्शित होगी। यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हिन्दी में प्रदर्शित हुई रवि तेजा की पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई हैं, हालांकि दक्षिण भारतीय भाषाओं में इन फिल्मों ने जबरदस्त कमाई की थी। हाल ही में दिए इंटरव्यू में नुपूर सेनन ने रवि तेजा की तारीफ की। बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए नुपूर बोलीं- अब तक जिन भी लोगों से मैं मिली हूं, रवि उनमें से सबसे ज्यादा विनम्र हैं। मैं जब भी सेट पर जाती हूं, मुझे वो दुनिया देखकर बहुत अच्छा लगता है जो रवि ने सेट पर क्रिएट की है। ये बहुत ही बढ़िया है। जब आप फिल्म देखेंगे तो समझ जाएंगे।रवि तेजा की हिंदी बढ़िया है। नूपुर ने कहा- रवि कई बॉलीवुड एक्टर्स से भी बेहतर हिंदी बोल लेते हैं। वो मेरी काफी मदद करते हैं। रवि बिलकुल डाउन टू ए अर्थ रहते हैं। मेरे पास तेलुगु में डायलॉग आते थे। जितना हो सका उन्होंने मेरे लिए इसे इतना आसान बनाया। मैं तो ये कहूंगी कि दुनिया में सेल्फिश एक्टर्स की कोई कमी नहीं है लेकिन, रवि एक एक्सेप्शन हैं। उन्होंने मेरे लिए इस फिल्म को काफी आसान कर दिया।टाइगर नागेश्वर राव' एक पीरियड ड्रामा फिल्म है। ये 1970 में सेट एक्शन थ्रिलर है। वामसी इस फिल्म के निर्देशक हैं। इस फिल्म में जीवी प्रकाश ने संगीत दिया है। द कश्मीर फाइल्स के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ही इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। रवि तेजा की धमाका क्रैक और खिलाड़ी

# बायोपिक संत तुकाराम में फीमेल लीड रोल करेंगी शीना चौहान

द फेम गेम की अभिनेत्री शीना चौहान को संत तुकाराम बायोपिक में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। उन्होंने मराठी संत तुकाराम की पत्नी अवलई जीजाबाई के चरित्र को समझने के दौरान आने वाली चुनौतियों को साझा किया।उन्होंने कहा- चरित्र के लिए अपने निर्देशक और सह-कलाकारों के साथ गहराई से शोध करने और सहयोग करने से ज्यादा मुझे कुछ भी पसंद नहीं है .. इसलिए यह फिल्म सबसे अच्छे अनुभवों में से एक है। आदित्य ओम सर ने हर विवरण को सुनिश्चित करने के लिए इतनी मेहनत कीं।उन्होंने वास्तव में मुझे अपनी सीमा के पार जाने में पूरी तरह से मदद की। अवलाई जीजाबाई कौन थीं, वह कहां से आई थीं, उनकी प्रेरणाएं क्या थीं और वह क्या था जिसने संत तुकाराम के साथ उनके रिश्ते को






# तू झूठी... ने दुनियाभर में कमाए 200 करोड़, रणबीर की और फिल्मों ने भी किया यह कमाल

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार दर्शकों को पसंद आ रही है और लगातार कमाई कर रही है। अभी पठान का जादू ठंडा हुआ ही था कि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया। फिल्म ने कुछ दिन पहले भारत में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ था। अब फिल्म ने दुनियाभर में कुल 200 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले रणबीर की ये फिल्में भी यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। राजकुमार हीरानी की फिल्म संजू 2018 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अभिनेता संजय दत्त की बायोपिक है।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में करीब 586 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म में संजय की भूमिका में रणबीर की खूब तारीफ हुई थी। उनके साथ परेश रावल ने सुनील दत्त और मनीषा कोइराला ने नरगिस का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र ने पिछले साल खूब सुर्खियां बटोरी थीं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 418 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद है। यह फिल्म तीन भागों में बननी है। ब्रह्मास्त्र 2 में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में दिखेंगी। दूसरे भाग का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन डिज्नी के साथ मिलकर कर रहा है। ये जवानी है दीवानी को भी अयान मुखर्जी ने निर्देशित किया था। यह युवाओं की पसंदीदा फिल्मों में से एक है। फिल्म में रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी नजर आई थी। फिल्म के गाने भी खूब पसंद किए गए थे। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 330 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि इसका बजट महज 40 करोड़ रुपये था। जिंदगी और प्यार की परतों पर आधारित इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। करण जौहर द्वारा निर्देशित ऐ दिल है मुश्किल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इनके अलावा फिल्म में शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और फवाद खान भी नजर आए थे। यह फिल्म समीक्षकों पसंद नहीं आई थी, लेकिन फिल्म को दर्शकों का भरपूर साथ मिला था।

# फिर मिलेंगे अनुज और अनुपमा बरखा की चाल होगी नाकाम

जैसे ही वनराज को इस खबर का पता चलता है वह परेशान हो जाता है और वह तुरंत माया से बात करता है इस बारे में. वहीं दूसरी तरफ अनुपमा समर और डिंपल को अवकात दिखाने में बिल्कुल पीछे नहीं रहती है. हालांकि इस सीरियल के ट्विस्ट और टर्न यहीं खत्म नहीं होते हैं। आगे कहानी में दिखाया



जाएगा कि बरखा और माया अनुज और अनुपमा को अलग करने में लगे हुए हैं.बरखा अंकुश से कहती है कि अनुज और अनुपमा को अलग -अलग वक्त बुलाने को कहती है. बरखा ऑफिस से फोन लगवाकर अनुपमा को शाम 4 बजे और अनुज को सुबह 11 बजे बुलवाती है, जिससे दोनों एक-दूसरे को देख न पाएं और दोनों में नजदीकिया ना आएं। वहीं बरखा और वनराज काफी ज्यादा परेशान रहते हैं, एक-दूसरे से अनुज अनुपा की मिलन ना हो जाए तो वहीं काव्या वनराज को परेशान करने के लिए कहती है कि अनुज वापस आ रहा है तो यह सुनकर वनराज परेशान हो जाता है।



# बैड बॉय के नए ट्रैक में मिथुन चक्रवर्ती ने बेटे नमाशी के साथ ठुमके लगाए

दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अपने अभिनेता बेटे नमाशी चक्रवर्ती के साथ बैड बॉय के जनाबे अली नामक एक नए ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। बैड बॉय के निर्माताओं ने जनाबे अली नामक फिल्म के एक नए गीत का अनावरण किया है।जनाबे अली में एक व्यसनी धुन है और यह एक पार्टी के लिए टोन सेट करेगी। गाने में डेब्यूटेंट अमरीन भी हैं। पहली बार पिता-पुत्र की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई देगी और यह संयोजन निश्चित रूप से फिल्म देखने वालों को रोमांटिक कॉमेडी देखने के लिए उत्साहित करेगा। इस गाने को म्यूजिक उस्ताद हिमेश रेशमिया ने गाया, लिखा और कंपोज किया है।राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित, बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।बैड बॉय का निर्माण अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी ने इनबॉक्स पिक्च र्स के बैनर तले किया है और यह 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# मल्टीकट स्टाइलिश आउटफिट में नुसरत भरूचा दिखीं गजब की बला, तस्वीरों पर फैंस ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड अदाकारा नुसरत भरूचा फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने बेहद ही स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। नुसरत भरूचा ने मल्टीकट आउटफिट में शिमरी शॉर्ट आउटफिट पहन रखी है, जो फैंस के दिलों को बेताब कर रही है। नुसरत भरूचा अपनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने रहते हैं। नुसरत भरूचा बेहद ही बोल्ड और कातिलाना नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं, उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस अपने फैंस के लिए अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा के इस दिलकश अंदाज को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों शेयर भी कर रहे हैं।



# फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक से बेल्लमकोंडा साई श्रीनवास करेंगे बॉलीवुड डेब्यू

लगभग 17 पूर्व एसएस राजामौली ने प्रभास को लेकर फिल्म छत्रपति का निर्माण किया था। अपने समय में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कारोबार करते हुए राजामौली को दक्षिण में स्थापित किया था। अब इसी फिल्म को पेन इंडिया के जयंतीलाल गढा हिन्दी में बना रहे हैं, जिसके द्वारा दक्षिण के एक और सितारे बेलमकोंडा का हिन्दी डेब्यू होने जा रहा है। बेलमकोंडा श्रीनिवास कुछ समय से छत्रपति के हिंदी रीमेक पर काम कर रहे हैं और आखिरकार, अभिनेता ने फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की है, जो मूल फिल्म के शीर्षक को बरकरार रखेगी। श्रीनिवास ने सोमवार को ट्विटर पर फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज की तारीख के साथ साझा किया।अभिनेता ने लिखा, 12 मई 2023 को सिनेमाघरों में छत्रपति का इंतजार खत्म हुआ। आपको हमारी पूरी मेहनत और इस एक्शन से भरपूर धमाका दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। वीवी विनायक द्वारा निर्देशित एकमात्र विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित। तस्वीर में वह कलश लेकर नदी में खड़े होकर अपनी मांसपेशियों को फ्लेक्स करते हुए नजर आ रहे




हैं।बेलमकोंडा श्रीनिवास फिल्म के लिए अपने शरीर पर काम कर रहे हैं और ऐसा लगता है कि मूल फिल्म से प्रभास के जूते में कदम रखने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। के.वी. विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित छत्रपति (2005), दो सौतेले भाइयों के बीच झगड़े की कहानी है। अनुभवी पटकथा लेखक ने हिंदी रीमेक की कहानी भी लिखी है। प्रभास की फिल्म आंध्र प्रदेश में करीब 100 दिनों तक चली।छत्रपति (2023) बेलमकोंडा श्रीनिवास की पहली हिंदी फिल्म है, और यह फिल्म तेलुगु में भी रिलीज होगी। श्रीनिवास के अलावा, फिल्म में नुसरत भरुचा, अमित नायर, राजेंद्र गुप्ता, स्वप्निल और आशीष सिंह भी हैं। तनिष्क बागची फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं, जो फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन

# कला गुरु अनिल शर्मा स्मृति चित्रकला प्रदर्शनी उदघाटित



**ग्वालियर ।** स्वर्गीय कला गुरु अनिल शर्मा की स्मृति में अ नुभूति रंग समूह द्वारा आयोजित दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी और नाट्य महोत्सव अंतर्गत सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने तानसेन कला वीथिका में चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। डॉ. एनएन लाहा ने भी बतौर सारस्वत अतिथि शिरकत की । अतिथि द्वय ने उद्घाटन उपरांत कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए कलाकारों से मुलाकात की और उनकी सृजन प्रक्रिया बाबत भी विस्तृत जानकारियां ली । कार्यक्रम आयोजकों को साधुवाद देते हुए उन्होंने स्वर्गीय श्री अनिल शर्मा सहित नगर की कला विभूतियों का भी स्मरण किया ।इस दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी में कलाकार हेमंत रोजिया, श्रीमती शशि प्रसाद, सोनाली वर्मा, वंदना बरैया, साधना चौधरी, अश्मित बहराज, तितिक्षा सैनी, प्रिया शर्मा, संध्या माहोर अंकित जैन तथा लवी गुप्ता की पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं। उद्घाटन अवसर पर कलाकार और कला प्रेमियों के साथ-साथ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधीर राजोरिया, नगर के ख्याति लब्ध स्वामी जी,छायाकार संजय अरोरा, उमेश सोनी, मनोज शर्मा, नाट्य कर्मी राघवेंद्र सिंह कौरव, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जनसंपर्क सुभाष अरोरा, जनसंपर्क अधिकारी श्री मधु सोलापुरकर तथा भारत सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे ।

# तापघात से बचें, धूप में न निकलें कलेक्टर



**ग्वालियर।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत बचाव हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी बरतने की सलाह आमजन को दे रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि शुष्क वातावरण लू तापघात की संभावना जानलेवा भी हो सकती है। लू से बचाव के लिए गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर घर से बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान को व सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर धूप में निकले, रंगीन चश्मे का प्रयोग करें, भीड़ वाली जगह पर न जाएं, गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीएँ एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें गर्मी के दिनों विशेष ध्यान रखें, बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आए, गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें, उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें ।लू में शरीर का तापमान तेजी से ब?ता है इसके प्रभाव से उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज हो जाना घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिर दर्द हो सकता है ऐसा होने पर रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटाये एवं हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य, पेय पदार्थ ना दें एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शरवत (पना) आदि दें ,रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टी रखकर पूरे शरीर को ढक दें, इस प्रयोग को तब तक दोहरायें जब तक कि शरीर का तापमान कम न हो जाए , समय-समय पर पानी देपीने के लिए प्रेरित करें, सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन करायें गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। तीव्र भूप को घर के अंदर आने से रोकें। अगर किसी मरीज को लू लग जाती है तो नजदीकी शासकीय अस्पताल में जाकर अपना निशुल्क उपचार कराएं ।

# भाजपा सरकार गरीबों का हक छीनने का काम कर रही है: सतीश सिकरवार



**ग्वालियर।** भाजपा सरकार लगातार गरीबों का हक छीनने का काम कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, बिजली की समस्या, व्यापारियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही मूल्यवृद्धि ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। यह विचार विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत आम नागरिकों के बीच कही। विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में हाथ से हाथ जो?ो पदयात्रा वार्ड क्रमांक 45 के नया बाजार चैराहे से शुरू हुई जो भौंसले की गोठ, थौराठ की गोठ, कलारी वाली गली, लहारिया कम्पाउण्ड, हरि सिंह की बस्ती से सम्पूर्ण लोहिया बाजार में घर-घर दस्तक दी और भाजपा की करनी व कथनी को जनता के बीच उजागर किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने अनेक स्थानों पर विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। हाथ से हाथ जोडो पदयात्रा में जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चैहान, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, ब्लॉक प्रभारी के.के. शर्मा क्षेत्रीय पार्षद अंकित कटठ्ल, सुरेन्द्र साहू, केदार बरहादिया, राहुल गुर्जर, सुधीर मण्डेलिया, राजेश तोमर, पोहप सिंह वर्मा, श्रीमती वीणा भारद्वाज, श्रीमती रेनू चैहान, श्रीमती नीतू चैहान, श्रीमती राधारानी पाल, श्रीमती हेमलता प्रजापति, हिमांशु कीकन, श्रीमती प्रवेश परिहार, श्रीमती रामाबाई पटेल, अविनाश गुप्ता आदि सैंकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्पतालों के लिये उपकरण व स्कूलों की मरम्मत के प्रस्ताव बनाएँ, तत्काल दिलायेंगे धनराशि भारत सिंह

**ग्वालियर ।** अस्पतालों के लिये चिकित्सा उपकरण व इलाज के लिये जरूरी अन्य सामग्री और स्कूलों की मरम्मत व फर्नीचर के लिये धन की कमी नहीं है। एक हफ्ते में इसके प्रस्ताव तैयार करें। विभागीय मद एवं सीएसआर फंड से इन कामों के लिये धनराशि उपलब्ध करा दी जायेगी। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का एक मात्र विधानसभा क्षेत्र है, जहाँ पर दाँतों के मँहगे इलाज के लिये सरकार ने सीएसआर फंड से एक करो? 34 लाख रूपए की धनराशि मंजूर की है। उन्होंने इस धनराशि का पूरा उपयोग न होने पर असंतोष जाहिर किया। साथ ही निर्देश दिए कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जल्द से जल्द पूर्व की तरह दंत क्रांति शिविर आयोजित कर इस राशि का सदुपयोग करें। ज्ञात हो मुरार ग्रामीण क्षेत्र में राज्य मंत्री कुशवाह की पहल पर अब तक लगाए गए दंत क्रांति शिविरों से लगभग 1786 ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें से 467 लोगों के बत्तीसी एवं रूट केनाल कर दाँत लगाए जा चुके हैं। गाँव के बुजुर्गों को 15 हजार से 25 हजार रूपए तक की बत्तीसी सरकार ने उपलब्ध कराई है। बैठक में राज्य मंत्री कुशवाह द्वारा बेहट कृषि उपज



मंडी के विकास कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण रतनग? माता, मनरेगा व 15वे वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास इत्यादि विकास कार्यों की भी बैठक में विस्तार से समीक्षा की गई। राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेहट व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापुर सहित क्षेत्र में निर्माणाधीन ऐसे शासकीय भवन जिनका काम 90 प्रतिशत तक हो चुका है उनको 5 मई तक पूर्ण कराएँ। इसमें किसी प्रकार की ि?लाई न हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास यात्रा के दौरान जिन कामों का भूमिपूजन किया गया था। यदि उनमें से कोई कार्य शुरू होने से शेष हो तो उसे तत्काल धरातल पर लाएँ। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खोले गए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित सीएम राईज स्कूल का लाभ 15 किलोमीटर के दायरे के गाँवों के बच्चों को दिलाएँ। इसके लिये सीएम राईज स्कूल की सुविधाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने सभी सीएम राईज स्कूलों में अनिवार्यत~ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की हिदायत भीबैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला पंचायत के सदस्यगण श्रीमती रामदेई आदिवासी, श्रीमती नेहा शर्मा, केशव सिंह बघेल व जितेन्द्र सिंह तथा कुँवर सिंह जाटव, आलोक शर्मा, जसवंत सिंह व शिवराज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया डेंगू नियंत्रण के लिए साप्ताहिक अभियान शुरू

**ग्वालियर।** जिले में मच्छर जनित बीमरियों मलेरिया व डेंगू इत्यादि के नियंत्रण के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति व फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एम्बेड परियोजना के तहत विश्व मलेरिया दिवस 21 अप्रैल से जागरूकता सप्ताह शुरू हुआ। जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिवस पर एम्बेड टीम द्वारा शहर की मलिन बस्तियों कांच मिल, घाटमपुर , वीरपुर, बारह वीघा , शीतला कालोनी, शुभाष नगर, गंगा विहार, कुञ्ज विहार, चन्दनपुरा, राजा मंद्दी, रंगयाना आदि बस्तियों में जा कर गली गली में आम जन के साथ विशेष जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को मच्छर से होने वाली बीमारियों और इनके खतरों से लोगों को अवगत कराया मच्छर की पैदाईश को कम करने के लिए आवश्यक सावधानियों जैसे घर के आसपास अनावश्यक जल भराव को रोकने, पानी को हमेशा ढक कर



रखने, व पानी के बर्तनों मटका, टंकी, कूलर आदि की हर चौथे दिन पानी बदल कर सफाई करने आदि को अपनाने के लिये आम जनों को प्रेरित किया गया लोगों को सलाह दी गई कि बुखार में लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। इसलिए लोगों को बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच कराने व मलेरिया होने पर पूरा इलाज कराएँ। इस अवसर पर संभाग समन्वयक एम्बेड परियोजना विजय मिश्रा व कंसलटेंट राजेश वर्मा ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस सप्ताह के दौरान 21 से 27 अप्रैल तक जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों जैसे रैली, शपथ, पदयात्रा, जनसंपर्क, जागरूकता बैठक आदि का आयोजन किया जावेगा जिसके मध्यम से लोगों को मच्छर व मच्छर से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया जावेगा 7सप्ताह के प्रथम दिन आयोजित जागरूकता बैठकों में 220 लोगों में अपनी सक्रीय सहभागिता निभाई और मच्छरों व इनके होने वाली बीमारियों से बचाव के साधनों को अपनाने हेतु शपथ भी ली।

# बेजुबान पक्षियों को दाना पानी देने से खुश होता है ईश्वर- प्रजापति समाज



प्रजापति समाज अंबाह द्वारा पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान आज से राम तलैया धाम मंदिर भरतपुरा में शुरू किया गया समाज द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए खाने व पीने के लिए सकोरों में पानी एवं दाना रखा गया यह व्यवस्था इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए प्रजापति समाज के अध्यक्ष श्री भागीरथ प्रजापति एवं उपाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र प्रजापति के संरक्षण में की गई । श्री प्रजापति द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम पूरे गर्मियों के सीजन में निरंतर जारी रहेगा।राजीव प्रजापति द्वारा संकल्प दिलाया गया एवं अपील की गई कि हमारी टीम प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करेगी ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष रामबहादुर प्रजापति , बारेलाल प्रजापति, शिवम प्रजापति,विष्णु प्रजापति, रिंकू प्रजापति, बलवीर प्रजापति, दिनेश प्रजापति राकेश प्रजापति, कालू प्रजापति इत्यादि युवा उपस्थित हुए । आज के कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका राजीव प्रजापति अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा की रही ।

# बालाघाट पुलिस को बड़ी सफलता, 14 लाख के इनामी 2 महिला नक्सली को किया ढेर



हॉक फ़ोर्स मध्य प्रदेश को मिली एक और बड़ी सफलता मिली है। 22 अप्रैल की सुबह तड़के गढ़ी थाना अंतर्गत कदला के जंगल में हॉक फ़ोर्स के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है जवानों ने बहादुरी के साथ लड़ते हुए 02 महिला नक्सली को मार गिराया



है, और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है जंगल में सघन तलाश जारी है , घटना स्थल पर आईजी बालाघाट संजय सर, एसपी बालाघाट समीर सौरभ और सीईओ हॉक मोजूद है। मारे गए नक्सलियों मे पहली सुनीता एसीएम भोरम देव एरिया कमांडर, टाडा दलम में रही थी अभी विस्तार दलम में काम कर रही थी। और दूसरी सरिता खटिया मोचा एसीएम, कबीर के साथ गार्ड के रूप में काम करती थी अभी विस्तार दलम में आ गई थी। दोनों महिला नक्सली पर 14-14 लाख का इनाम घोषित था।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने भगवान परशुराम की पालकी रैली का किया स्वागत



**ग्वालियर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर महापौर डॉ॰ शोभा सिकरवार एवं विधायक डॉ॰ सतीश सिकरवार के नेतृत्व में भगवान परशुराम की पालकी एवं बाईक रैली का इन्दरगंज चैराहे पर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान शीतल पेयजल, सॉफ्ट ड्रिंक एवं मिष्ठान का वितरण किया और प्रतीक चिन्ह भगवान परशुराम के फरसे भेंट किए। विधायक डॉ. सिकरवार ने सनातन धर्म मंदिर पर भगवान परशुराम की आरती की और महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने पालकी समारोह में कलश सर पर रखकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इसके साथ जय परशुराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। इसके अलावा विधायक डॉ. सिकरवार भृगु भवन और रामकुई स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंचे और भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर संत महात्माओं का आर्शीवाद लिया तथा संतों को भगवान परशुराम का शस्त्र फरसा भेंट किए।

# नेशनल क्वालिटी अश्योरेंस स्टैंडर्ड एन.क्यू.ए.एस. नेशनल लेवल दल ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार सिविल अस्पताल लांजी मे 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एन.क्यू.ए.एस. नेशनल लेवल दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण डॉ. संतोष काडले, नेशनल क्वालीटी एक्सटर्नल असेसर औरंगाबाद महाराष्ट तथा डॉ. टेला राजेश पॉल, नेशनल क्वालीटी एक्सटर्नल असेसर, मचलीपटनम किया गया। ज्ञात हो कि विविध चरणों में सिविल अस्पताल लांजी में विभिन्न दलों द्वारा समय-समय पर भ्रमण व निरीक्षण कर किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया है जिससे म.प्र. शासन द्वारा सिविल अस्पताल लांजी को एन.क्य.ए.एस. नेशनल असेसमेंट हेतु योग्य पाया गया एवं बालाघाट जिले का यह पहला अस्पताल है जहॉं यह नेशनल असेसमेंट किया गया है। इस बाबद जिला बालाघाट से डॉ. गिरीश मिश्रा, कलेक्टर महोदय बालाघाट के निर्देशन में, डॉ. मनोज पाण्डे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. परेश उपलप, जिला टीकाककरण अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में एन क्यू ए एस संबंधित कार्य संपादित किए गए। डॉ. प्रदीप गेडाम, खण्ड चिकित्सा अधिकारी लांजी व डॉ. सुजाता गेडाम चिकित्सा अधिकारी द्वारा अधिकारी कर्मचारीयों को प्रशिक्षण व आवश्यक आदेश प्रसारित कर एन.क्यू.ए.एस. की तैयारीयॉं पूर्ण कराई गई साथ ही भवन की अधोसंरचना को भी सुधारा गया। सिविल अस्पताल लांजी में असेसमेंट कि पूर्व तैयारी हेतु राज्य शासन द्वारा श्री शरद मेश्राम स्टेट क्वालिटी एसेसर जिला चिकिसालय मडंला, श्रीमती अंकुशवाहा नेशनल क्वालिटी असेसर जिला चिकित्सालय जबलपुर, डॉ. अक्षय ठाकुर जिला क्वालीटी मॉनिटर बैतूल, विनोद काम? जिला क्वालीटी मेंटर बालाघाट, श्रीमती ममता बावनकर नर्सिंग ऑफिसर बालाघाट, श्रीमती शीला पटले एम.एच. क्वार्डीनेटर व नर्सिंग ऑफिसर बालाघाट तथा सुश्री ज्योती नंदनवार नर्सिंग ऑफिसर, सुश्री वर्षा टेकाम नारायणगंज मंडला विविध विभागों में कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। ज्ञात हो की एन.क्यू.ए.एस. कार्यक्रम में सिविल अस्पताल लांजी को 12 विभागों में बांटकर प्रत्येक विभाग को चेक लिस्ट में उल्लेखित नियमावली के तहत निरीक्षण प्रक्रिया की गई। जिनके मुख्य विभागों में इमरजेंसी एक्सीडेंट, प्रसव कक्ष, ओ.पी.डी., आई पी डी, एन.बी.एस.यू., पैथोलॉजी, ब्लड स्टोरेज यूनीट, रेडियोलॉजी, मेडिसीन स्टोर तथा दवा




वितरण, एक्स-रे, ऑग्सलरी सर्विस, जनरल एडमिनीस्टेसन आदि सम्मिलित हैं, जिसके तहत प्रत्येक विभाग के नोडल नियूक्त किये गए। नेशनल स्तरीय दल द्वारा तिन दिनों तक प्रातःकाल से रात्री तक सिविल अस्पताल लांजी में निरीक्षण प्रक्रिया की गई, प्रथम दिन ओपनींग मिटींग आयोजित कि गई व सर्वप्रथम बाहरी गेट से आसपास के क्षेत्र, अस्पताल परिसर में उपलब्ध भवनों उनके उपयोग जैसे बी.एम.डब्ल्यु, ओ.टी. प्लांट के आसपास का क्षेत्र, अस्पताल बिल्डींग के पीछे लॉड्री, वाटर हार्वेस्टींग, वाहन पार्किंग शेड, परीजन प्रतिक्षालय, बायो वेस्ट मेनेजमेंट सिस्टम एवं समस्त विभागों का अवलोकन किया दल द्वारा 12 विभागों को अलग अलग उनके कार्यस्थल पर जाकर लगातार 03 दिनों में निरीक्षण करते हुए वहॉं के प्रभारी कर्मचारी से साक्षात्कार (सवाल पूछे गए) किये साथ ही बनाए जा रहे दस्तावेजों का अवलोकन किया अस्पताल लांजी में पदस्थ प्रभारी कर्मचारी, सपोर्ट स्टाफ एवं अन्य से जिन उपकरणों का उपयोग स्वास्थ्य कार्यों में किया जा रहा है उनके संचालन की जानकारी भी ली। प्रथम दिवस में दल द्वारा पाई गई त्रुटियों को तत्काल दुरूस्त कर संबंधित कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया। निरीक्षण के अंतिम दिन डॉ. संतोष कडले क्वालीटी एक्सटर्नल असेसर औरंगाबाद महाराष्ट तथा डॉ. तेल्ला राजेश पॉल क्वालीटी एक्सटर्नल असेसर, मछलीपटनम द्वारा हर्बल गार्डन सिविल अस्पताल लांजी में वृक्षारोपण किया गया व क्लोसिंग मिटींग में उद्बोदन के दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल लांजी में किये गए कार्यों से संतुष्टी दर्शाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार अच्छा कार्य करने के लिये प्रेरित किये। ज्ञात हो की सिविल अस्पताल लांजी में लक्ष्य, कायाकल्प तथा एन.क्यू.ए.एस. कार्यक्रम में अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को मापदण्ड अनुसार उत्कृष्ठ बनाने के लिये सम्पूर्ण अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा लगातार सुधारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी स्वच्छ वातावरण में सुविधा के साथ अच्छी एवम संतुष्टिपूर्वक स्वास्थ्य सेवाऐं क्षेत्र के निवासीयों को प्राप्त हो रही हैं। भ्रमण के दौरान समस्त अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा एन.क्यू.ए.एस. नेशनल असेसमेंट से संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये लगातार प्रयास एवं कार्य संपादित करते हुए निरीक्षण के दौरान दल को आवश्यक दस्तावेज व जानकारी उपलब्ध कराई गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478